

# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 22 जून 2025
संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण 11 मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 288, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ फूड स्टार्टअप्स में बनाये करियर...

रश्मिका ने बताया कुबेर की शूटिंग से जुड़ा अनुभव... ◂◂ 6


# तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार और पैदल चल रहे व्यक्ति को कुचला, तीन की मौत

## रांची में दर्दनाक सड़क हादसा

संवाददाता



**रांची:** राजधानी रांची के नामकुम इलाके में शनिवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें एक मृतक सिविल कोर्ट के पेशकार थे। शनिवार देर रात नामकुम इलाके में तेज रफ्तार कार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार की वजह से तीन लोगों की जान चली गई। नामकुम थाना प्रभारी ने बताया कि एक तेज रफ्तार कार ने एक स्कूटी सवार और एक पैदल चल रहे व्यक्ति की कुचल दिया और फिर खुद भी अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गया। इस दुर्घटना में तीनों लोगों की मौत हो गई है।

इस हादसे में रांची सिविल कोर्ट के पेशकार प्रवीर हांसदा, विकास केंद्र धनबाद के शिक्षक सोम सिन्हा और कार चालक की मौत हो गई है। हादसे को लेकर सोम सिन्हा के परिजनों ने बताया कि रात में 10 बजकर 12 मिनट पर सोम सिन्हा से बात हुई थी वो पैदल ही घर लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि जब काफी देर तक सोम घर नहीं पहुंचे तो वो उनकी खोजबीन के लिए निकले लेकिन वो कही नजर नहीं आए। हालांकि उनकी नजर एक सड़क हादसे पर भी पड़ी लेकिन वो आगे बढ़ गए। जब कहीं सोम का पता नहीं चला तो हादसे वाली जगह पहुंचे जहां उनका चप्पल देख पहचाना गया।वहीं यही हाल प्रवीर हांसदा के परिजनों का भी रहा उन्हें भी प्रवीर के हादसे की जानकारी ब्रिज पर पड़े जूते से मिली।

**कैसे हुआ हादसा:**

डीएसपी हैडक्वार्टर वन अमर पांडेय ने बताया कि नामकुम के दुर्गा सोरेन के पास स्थित ब्रिज पर ये हादसा हुआ है। तेज रफ्तार कार चालक ने पहले प्रवीर हांसदा जो स्कूटी पर सवार थे उन्हें धक्का मारा। उसके बाद पैदल चल रहे शिक्षक सोम सिन्हा को चपेट में लिया और फिर टक्कर और तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित होकर खुद भी हादसे का शिकार हो गया।

### अमेरिकी एयर स्ट्राइक के बाद भड़का ईरान, इजरायल की राजधानी समेत 13 शहरों पर मिसाइलों की बारिश

नई दिल्ली : ईरान-इजरायल युद्ध ने अब खतरनाक मोड ले लिया है। ईरान में अमेरिकी एयर स्ट्राइक के बाद मिडिल ईस्ट में युद्ध के हालात बने हुए हैं। अमेरिका के हमले के बाद ईरान ने भी इजरायल की राजधानी तेल अवीव समेत 13 शहरों पर भारी बमबारी कर दी है। एजेंसी के अनुसार, इजरायली हमले में अब तक ईरान के 865 लोगों की मौत हो गई है और 3,396 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं, अब ईरान ने तेल अवीव समेत इजरायल की 13 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया है। इजरायल के कई शहरों में तेज धमाकों की आवाज सुनी गई है। तेल अवीव जैसे प्रमुख शहरों में लगातार लोगों को अलर्ट भेजकर सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने के लिए कहा जा रहा है और ब्लास्ट की आवाज सुनाई दे रही है। ईरान की एक बैलिस्टिक मिसाइल इजरायल के हाइफा शहर में गिरी, जहां एअर सायरन भी नहीं बजा। रिपोर्ट के अनुसार ईरान के इस हमले में कुल 11 लोग घायल हुए हैं।

# तालाब में नहाने गये दो भाइयों की डूबने से मौत

शनिवार सुबह से थे लापता

संवाददाता



**पलामू:** जिले में रेड़मा रांची रोड के पास तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों मृतक बच्चे आपस में मौसेरे भाई हैं। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने ग्रामीणों और स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से बच्चों का शव बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के लिए भेज दिया है।

परिजनों के अनुसार, ये दोनों बच्चे शनिवार की दोपहर बाद से घर से लापता थे। देर रात परिजनों ने पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। शनिवार देर रात परिजन और पुलिस ने एक साथ बच्चों की तलाश शुरू कर दी। इस तलाशी अभियान के दौरान तालाब के पास दोनों के कपड़े बरामद हुए थे। इसके बाद में रविवार की सुबह दोनों बच्चों के शवों को तालाब से बरामद किया गया।

परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक, एक बच्चा प्रतिदिन अपनी मौसी के घर पर दूध पहुंचाने के लिए जाता था। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन मौके पर पहुंच गए हैं और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। इधर पुलिस ने दोनों बच्चों के शवों को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है। जहां से पूरी प्रक्रिया होने के बाद शवों को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### 100 करोड़ के जीएसटी घोटाले में सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, पटना समेत 7 ठिकानों पर रेड

**पटना :** बिहार में 100 करोड़ रुपये के बड़े जीएसटी घोटाले का खुलासा हुआ है। इस मामले की जांच कर रही सीबीआई ने पटना, पूर्णिया, नालंदा और मुंगेर में एक साथ छापेमारी की। यह घोटाला फर्जी निर्यात बिलों के जरिए टैक्स रिफंड लेने से जुड़ा है। सीबीआई को छापों के दौरान सोने के सात बिस्किट, कई मोबाइल फोन और जरूरी दस्तावेज मिले हैं। यह सब उस योजना का हिस्सा था




जिसमें कागजों पर माल नेपाल भेजा गया दिखाया गया, लेकिन असल में ऐसा कुछ नहीं हुआ।

**पहलगाम आतंकी हमला:** एनआईए के हाथ लगी बड़ी सफलता

# आतंकियों को पनाह देने मामले में दो गिरफ्तार

हमलावरों के लिए खाने-रहने का किया था प्रबंध

एजेंसी



**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकी हमले के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता मिली है। एजेंसी ने हमले में शामिल आतंकवादियों को पनाह देने के आरोप में दो स्थानीय लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी पहलगाम के ही निवासी हैं। एनआईए ने अपने आधिकारिक बयान में बताया कि यह गिरफ्तारी बटकोट निवासी परवेज अहमद जोथर और हिल पार्क निवासी बशीर अहमद जोथर की हुई है। जांच में सामने आया है कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन सशस्त्र आतंकवादियों को जानबूझकर शरण दी थी, जो पाकिस्तानी नागरिक और लश्कर-ए-तैयबा (एलइटी) के सदस्य थे। एनआईए के मुताबिक, हमले से पहले हिल पार्क इलाके में एक सीजनल ढोक (झोपड़ी) में इन आतंकियों को रहने, खाने और रसद की सुविधा दी गई थी। यह आतंकवादी गिरोह 22 अप्रैल की दोपहर पर्यटकों पर हमला करने के इरादे से पूरी तैयारी के साथ पहलगाम पहुंचा था। उन्होंने धार्मिक पहचान के आधार पर 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी और 16 अन्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह हमला बीते एक दशक में नागरिकों पर किये गये सबसे भीषण आतंकी हमला माना जा रहा है, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। एनआईए ने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों की मदद से हमले में शामिल तीनों पाकिस्तानी आतंकवादियों की पहचान हो गई है। एजेंसी का मानना है कि इस जानकारी से हमले के पीछे की पूरी साजिश और नेटवर्क का खुलासा होने में मदद मिलेगी। एनआईए अब इस मामले में आतंकी मॉड्यूल से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। एजेंसी का कहना है कि यह सिर्फ एक शुरूआत है और जल्द ही हमले के मास्टरमाइंड तक पहुंच बना ली जाएगी।

### अपराधी बेखौफ : पलामू में उच्चकों ने डिक्की से उड़ाये 25 लाख के जेवर

**पलामू :** जिले में बाइक सवार अपराधियों ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है। अपराधियों ने तीन जगह चेन स्नेचिंग की है। जबकि चौथी जगह बाइक की डिक्की तोड़कर 25 लाख के जेवर चुरा लिये। पहली घटना मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के रांची रोड रेडमा और दूसरी घटना पांकी रोड रेड़मा इलाके की है। बाइक सवार अपराधियों ने दोनों जगहों पर चेन स्नैचिंग की है। तीसरी घटना पलामू के सदर थाना क्षेत्र के जोड़ इलाके की है। जहां एक महिला के साथ चेन स्नेचिंग की घटना हुई। चौथी घटना लेस्लीगंज बाजार क्षेत्र की है। जहां अरूण कुमार सोनी नामक जेवर एवं बर्तन कारोबारी अपने दुकान को बंद कर घर जा रहे थे। इसी क्रम में उन्होंने दुकान के जेवरात को बाइक के डिक्की में रख रहे थे कि तभी बाइक सवार अपराधी मौके पर पहुंचे और बाइक की डिक्की तोड़कर करीब 25 लाख के जेवर लेकर मौके से फरार हो गए। इन घटना की जानकारी मिलने के बाद लेस्लीगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य जांच पर यह बात सामने आई है कि सभी घटनाओं में एक ही गिरोह का हाथ है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# पहली बारिश में ही ढहा जमुनिया नदी पर 6 करोड़ की लागत से बना पुल

संवाददाता



**धनबाद:** राज्य में मानसून का असर दिख रहा है, एक तरफ बारिश की वजह से कई नदियां उफान पर है दूसरी ओर इस बारिश ने भ्रष्टाचार के कई पोल भी खोले है। इसका जीता जागता उदाहरण धनबाद में देखने को मिला जहां पहली बारिश में नवनिर्मित पुल उद्घाटन से पहले ही ढह गया। बाघमारा के जमुनिया नदी पर 6 करोड़ की लागत से बना पुल पहली बारिश भी झेल नहीं पाया और गिर गया।

यह पुल धनबाद और बोकारो जिलों को जोड़ने के उद्देश्य से बाघमारा के माटीगढ़ डेम कॉलोनी के पास बनाया गया था, लेकिन हालिया बारिश के बाद इसका एक हिस्सा और एप्रोच रोड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने पुल निर्माण में गंभीर अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। पुल का एक हिस्सा टूट गया। इसके साथ ही अप्रोच सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें भी आ गई हैं। यह परियोजना मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल धनबाद द्वारा संचालित की जा रही थी। 10 अगस्त 2022 को तत्कालीन विधायक और वर्तमान सांसद ढुलू महतो ने इस पुल का शिलान्यास किया था। पुल निर्माण का कार्य प्रीति इंटरप्राइजेज नामक कंपनी को सौंपा गया था। ग्रामीण विकास प्रमंडल धनबाद के एग्जक्यूटिव इंजीनियर नरेंद्र कुमार ने मौके का मुआयना किया और बताया कि कुल छह करोड़ की इस परियोजना में अभी डेढ़ करोड़ रुपये का भुगतान बाकी है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ कार्य शेष थे और संवेदक को निर्देश दिया गया है कि क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत तुरंत की जाए।


PR- 355542 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26

मलेरिया रोधी माह
(जून 2025)
बचाव ही सुरक्षा है





**क्या करें**
- हमेशा मच्छरदानी के अन्दर सोयें।
- मच्छरों से बचाव हेतु आसपास सफाई रखें।
- पूरे शरीर को ढंकने वाले कपड़े पहनें।
- पानी के बर्तनों को ढक कर रखें।
- बुखार होने पर तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच करायें।
- मलेरिया की पुष्टि होने पर चिकित्सक की सलाह के अनुसार दवा लें।
- ताजा और सादा भोजन करें। तरल पदार्थो का अधिक सेवन करें।

**क्या नहीं करें**
- बिना मच्छरदानी के नहीं सोएं।
- मलेरिया के मच्छर ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए अपने आसपास जल जमाव न होने दें।
- शरीर को पूरी तरह नहीं ढंकनेवाले कपड़ों का प्रयोग नहीं करें।
- घर के आसपास या छत पर ऐसी कोई भी बेकार वस्तु नहीं रखें, जिसमें पानी जमा होता हो। साथ ही छत पर पानी टंकी को खुला नहीं छोड़ें।
- बुखार होने पर अनदेखा नहीं करें।
- मलेरिया रोधी दवा का सेवन बीच में नहीं छोड़ें, अपूर्ण उपचार नहीं करायें।
- बासी एवं अत्यधिक तेल मसाले वाले भोजन का सेवन नहीं करें।

मलेरिया की जाँच एवं उपचार
सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और स्वास्थ्य उप केन्द्रों में मुफ्त उपलब्ध है।

सामूहिक जिम्मेदारी निभाएं, मलेरिया को दूर भगाएं

लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की जानकारी के लिए डायल करें- टॉल फ्री नं. 14555/18003456540

स्वास्थ्य सलाह के लिए मेडिकल हेल्पलाईन टॉल फ्री नं. पर डायल करें 104

आकस्मिक स्थिति में किसी भी मरीज को एम्बूलेंस द्वारा स्वास्थ्य केन्द्र पर पहुंचाने के लिए डायल करें-108

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

## समाचार सार

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया योग



**मुरी:** सिल्ली में योग दिवस के अवसर पर एक विशेष योग सत्र का आयोजन सिल्ली स्टेडियम में किया गया। इसमे जिप सदस्य वीणा देवी,पतंजलि योगपीठ से पधारे योगगुरु करुणामयी चक्रवर्ती, कृष्णा कुमार महतो और नीलेश कुमार मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और गायत्री मंत्र के साथ हुई, जिससे समूचा वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा। इस योग सत्र में बी. शरण, समन्वयक शशांक शेखर, शारीरिक शिक्षा शिक्षक विजय मंडल, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकागण, अन्य कर्मचारी एवं सभी छात्र-छात्राएं तथा अभिभावकगण भी शामिल हुए। योगगुरुओं ने प्रतिभागियों को विभिन्न आसन, प्राणायाम, और ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाया। योग गुरु करुणामई चक्रवर्ती ने योग के लाभों को भी विस्तार से समझाया। योगगुरुओं द्वारा बताए गए योग के मुख्य लाभः नियमित योग अभ्यास से शारीरिक और मानसिक संतुलन बना रहता है। योग से तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। यह एकाग्रता और स्मरण शक्ति को बढ़ाने में सहायक है, विशेषकर विद्यार्थियों के लिए। योग शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है, जिससे रोगों से लड़ने की शक्ति बढ़ती है। नियमित योग अभ्यास से जीवन में अनुशासन, सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार होता है ।

### अभाविप चतरा नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योगाभ्यास




चतराः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चतरा इकाई के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को गोरक्षणी स्थित परिषद कार्यालय में योगाभ्यास किया गया। मौके पर उपस्थित जिला संयोजक रौनक सिंह ने कहा कि योग हमारे जीवन में स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर जिला संयोजक ने कहा कि योग दिवस का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व के प्रति जागरूक करना है और उन्हें अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में नगर सह मंत्री सन्नी टाइगर,अनुराग आर्य,कॉलेज इकाई के मंत्री संदीप यादव,आत्मा कुमार,मिथलेश साहू,आदर्श साहू,अभिषेक राणा,सक्षम यादव,पीयूष राज,निशु कुमारी,खुशी कुमारी, कत्यानी कुमारी,चंदा पांडे,नेहा कुमारी,प्रगति कुमारी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बारिश में बहा प्रतापपुर हंटरगंज मुख्य पथ,आवागमन में कठिनाई

**चतराः** प्रतापपुर प्रखंड में लगातार हो रही बारिश से सभी आहर डेम, तालाब भर चुके हैं। नदियां उफान भर रही है। जिसके कारण प्रतापपुर हंटरगंज मुख्य मार्ग कलाली पुल के समीप भौय आहर से निकलने वाली पानी की तेज धार से कालीकरण पथ बह गया। हालांकि अभी सड़क आधी बही है। यदि प्रखंड प्रशासन एवं प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो प्रतापपुर हंटरगंज मार्ग महीनों अवरूद्ध हो जाएगा तथा इस मार्ग से आने जाने वाले सैकड़ों गांव प्रभावित हो जाऐंगे।इतना ही नहीं प्रतापपुर हंटरगंज मार्ग हमेशा वाहनो के परिचालन से काफी व्यस्त रहता है। पानी की तेज धार से लगभग कालीकरण सड़क का आधा हिस्सा बह गया है। वहां पर संकरी मोड़ है जो आने वाले दुर्घटना का संकेत दे रहा है। वहां पर कभी भी बाईक, चार पहिया वाहन गड्ढे में गिर सकता है। महीनों आवागमन बाधित न हो इसके लिए सड़क मे हुये गढ्ढे को भरकर तथा नीचे से लेकर ऊपर तक गार्डवाल बनाने की आवश्यकता है।इस संबंध में बीडीओ अभिषेक कुमार पांडेय ने कहा कि सड़क बहने की सूचना चतरा एसडीओ जहूर आलम एवं सीओ विकास कुमार टुडु को दिया गया है ।वही एसडीओ जहूर आलम ने बताया कि प्रतापपुर गोमे स्थित कलाली के समीप सड़क बहने की सूचना चतरा उपायुक्त को दी गई है। पथ प्रमंडल विभाग को सूचना देकर बही हुई सड़क की मरम्मति कराया जाएगा।

### सांप काटने से वृद्ध महिला की मौत

**चतराः** कान्हाचट्टी प्रखंड के मदगड़ा पंचायत के भदुआ गांव में एक गेहुंअन सांप के काटने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान तीलियां देवी 70 पति स्व सनू यादव के रूप में हुई है। प्राप्त सूचना के अनुसार उक्त महिला खाना खाकर अपने घर में सोई हुई थी। आधी रात को घर के बाहर शौच के लिए जा रही थी। उसी समय दरवाजे पर पूर्व से कुंडली मारकर बैठे एक गेहुंअन सांप पर उसका पैर पड़ गया । तभी सांप ने उसके पैर में डस लिया। इस घटना का पता चलने पर परिजन व गांव के पूर्व मुखिया योगेश यादव इलाज के लिए उसे चतरा सदर अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

### सांप काटने से महिला अचेत, भर्ती

**चतराः** कान्हाचट्टी प्रखंड के हरहद गांव निवासी सुरेंदर ठाकुर की पत्नी सावित्री देवी सांप काटने से अचेत हो गई। शुक्रवार की रात उक्त महिला अपने घर के बाहर दरवाजे पर बैठी थी, कुछ देर बाद वह अपने घर के अंदर जाने लगी तभी पूर्व से बैठा एक करैत सांप पर महिला की पैर पड़ गई। जिससे सांप ने उसे डस लिया। इसके बाद वह अचेत हो गई। आनन फानन में उसके परिजन इटखोरी स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहाँ डॉक्टरों ने एंटी वेनम की सुई दी और सलाइन लगाया। तब महिला की हालत में सुधार हुआ है।

### नगदी व जेवरात की चोरी

चतराः प्रतापपुर प्रखंड के गोमें गांव के एक घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोरों ने कच्चे मकान के तीन कमरे का ताला तोड़कर कमरे मे रखा बक्सा, गोदरेज, अटैची एवं ट्रंक से नगद 85000/ एवं लाखों के जेवरात चोरी कर ली। इसको लेकर भुक्तभोगी सकिवा खातून पति सेराज साई ने थाने में आवेदन देकर चोरों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन मे लिखा है कि दो तीन दिनो से लगातार हो रही बारिश से कच्चा मकान मे पानी चू रहा था।

अल्पसंख्यक कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी जीनल गाला का तीखा हमला, कहा

# बीजेपी की नजर अल्पसंख्यकों की जमीन पर

## झारखंड में वक्फ कानून के खिलाफ पर्सनल लॉ बोर्ड का कॉन्फ्रेंस आज, इमरान प्रतापगढ़ी समेत कई नेता होंगे शामिल

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** केंद्र सरकार द्वारा संसद में पारित वक्फ बिल का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। झारखंड में भी इस बिल के खिलाफ कांग्रेस खासकर अल्पसंख्यक कांग्रेस लगातार सड़कों पर विरोध दर्ज करा रही है। अल्पसंख्यक कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी जीनल गाला और प्रदेश अध्यक्ष मंसूर अंसारी अलग-अलग जिलों में जाकर लोगों से मिल रहे हैं और उनकी आवाज बन रहे हैं।




इसी सिलसिले में 22 जून को राजधानी रांची के बारियातू मैदान में एक बड़ा विरोध कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और लोगों को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शनिवार को रांची के सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इस दौरान जीनल गाला ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, वक्फ बिल मुसलमानों को परेशान करने की साजिश है। भाजपा की मानसिकता अल्पसंख्यकों की जमीनें हड़पने की है। लेकिन अल्पसंख्यक कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। हम सड़क से संसद तक इस बिल के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और अंत तक मजबूती से खड़े रहेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा लगातार संविधान पर हमला कर रही है। पहले कृषि कानून लाकर किसानों पर हमला किया और अब यह वक्फ बिल लाकर अल्पसंख्यकों को निशाना बना रही है। लेकिन जैसे तीन कृषि कानून वापस करवाने में कांग्रेस और विपक्ष सफल हुआ, वैसे ही यह वक्फ बिल भी वापस करवाकर रहेंगे।

वहीं, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मंसूर अंसारी और महानगर अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि यह आंदोलन झारखंड तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे देश के मुसलमान इस बिल के खिलाफ एकजुट हैं। झारखंड का विरोध प्रदर्शन देशभर के लिए एक मिसाल बनेगा।

## इंदुमती टिबड़ेवाल विद्यालय में बड़े उत्साहपूर्वक मना अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतरा :** स्थानीय इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय दीभा में शनिवार को 11वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। कक्षा अरुण से दशम तक के छात्र-छात्राओं के साथ प्रबंधकार्यकारिणी समिति के सचिव संजय सिन्हा ,प्राचार्य रमेश कुमार सिंह व समस्त आचार्य परिवार ने योग शिविर में भाग लिया। योगाचार्य संदीप कुमार ,शिवनंदन शर्मा,अजय रजक माला सिन्हा ,शिवानी कुमारी, किरण कुमारी,संगीता कुमारी व सीमा वर्मा ने संयुक्त रूप से योग क्रियायों को संपन्न कराया। प्रांत के खेलकूद के सह प्रमुख व योगाचार्य संदीप कुमार ने बताया- योग की क्रियायों के द्वारा हम अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रख सकते हैं। अजय रजक ने कहा हम सभी को अपने नित्य क्रिया में योग को जोड़ना और नियमित योग का अनुसरण करना



चाहिए। कार्यक्रम में योग मंत्र के साथ ध्यान योग, ब्रह्मनाद,शीतली प्राणायाम,अनुलोम- विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, मंडूकासन, पद्मासन,अर्ध कटी चक्रासन एवं 12 सूर्य नमस्कार सामूहिक रूप से कराया गया। खेल व शारीरिक शिक्षा व योगाचार्य संदीप कुमार ने बताया- हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय योग संस्कृति को संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर भारत का दुनिया में मान एवं सम्मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह ने छात्र छात्राएं एवं उपस्थित समस्त आचार्य वृन्द तथा चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

योग संकल्प और समापन मंत्र के उपरांत योग दिवस उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। अंत में भैया - बहनों के बीच अल्पाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी आचार्य बंधु भगिनी का सहयोग सराहनीय रहा।

## उपायुक्त ने प्रस्तावित नया जेल निर्माण व प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज को लेकर किया स्थल निरीक्षण

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतराः** जिले में प्रस्तावित नव कारा (जेल) एवं मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर उपायुक्त कीर्तिश्री ने शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत चंगेर एवं पावो गांव स्थित चिन्हित भूमि का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूमि की स्थिति, भौगोलिक उपयुक्तता, अभिगम मार्ग, आसपास की आबादी, सरकारी मद की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि चिन्हित भूमि के स्वामित्व, अतिक्रमण रहित स्थिति एवं रकबा की पुष्टि शीघ्र की जाए। तकनीकी मानकों के



अनुरूप स्थल की उपयुक्तता का आकलन किया जाए। प्रस्तावित स्थल तक सुलभ मार्ग, जल निकासी एवं विद्युत आपूर्ति की संभावनाओं की रिपोर्ट तैयार की जाए। यदि भूमि उपयुक्त पाई जाती है, तो प्रस्ताव संबंधित विभाग को अग्रसारित किया जाएगा।

उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जेल जैसी संरचनाओं का निर्माण सुरक्षा, अधोसंरचना एवं प्रशासनिक आवश्यकता के अनुसार किया जाना अति महत्वपूर्ण है। निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रस्तावित स्थल दीर्घकालिक उपयोग के लिए उपयुक्त हो।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान जेल परिसर की सीमा एवं संरचना सीमित हो जाने के कारण नव जेल की आवश्यकता को देखते हुए सरकार गंभीर है, जिसे लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्रवाई कर रहा है।

## मूसलाधार बारिश बनी आफत, कई गरीबों का आशियाना ध्वस्त,खाद्य सामग्री बर्बाद

**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के कटैया पंचायत में लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश गरीब परिवारो के लिए आफत बन गई है। इस भारी बारिश की वजह से कई गरीब मजदूर और ग्रामीणों का आशियाना (घर) पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं। वही घरों में रखे खाद्य पदार्थ भी बर्बाद हो गए है। कुछ घरों में पानी भर गया है, जिससे लोग बेघर हो गए हैं और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । बारिश की भयावह स्थिति को देखते हुए कटैया पंचायत के मुखिया नरेश यादव मौके पर पहुँचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया। उन्होंने प्रशासन की ओर से हर संभव मदद दिलाने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रभावितों को आवास दिलाने का आश्वासन दिया। मुखिया ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में गरीबों की मदद करना हमारी पहली प्राथमिकता है। मैं खुद सभी पीड़ितों की सूची तैयार कर रहा हूँ और जल्द से जल्द उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास करूंगा।

इन गरीब परिवारों को हुआ है भारी नुकसानः मो साकिर, कमल यादव, शमशेर पासवान, चिंता देवी, प्रभु यादव,सुरगी पासवान, प्रयाग यादव शामिल है। इन सभी पीड़ितों के घर पूरी तरह से गिर चुके हैं खाने-पीने की समस्या और बच्चों-बुजुर्गों की देखभाल भी एक बड़ी चिंता बन गई है। पीड़ित ने प्रशासन से तत्काल राहत शिविर, खाद्यान्न और रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। इस संबंध में पूछे जानें पर अंचलाधिकारी और प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में तीन दिनों तक लगातार हुई बारिश से ग्रामीणों को हुई क्षतिपूर्ति के आकलन के लिये सभी पंचायत के राजस्व कर्मचारियों और पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया है। पंचायत से रिपोर्ट आ जाने के बाद सरकारी प्रावधान के अनुसार जांच कर सभी को मुआवजा मिलेगा। वही प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन कुमार ने कहा कि डीलरो को निर्देश दिया गया है कि पीड़ित परिवार को तत्काल राशन मुहैया करवाया जाए ताकि कोई गरीब भूखा ना रहे। इस दौरान अंचलाधिकारी अरूण कुमार मुंडा, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी निखिल गौरव कमान कच्छप, बीपीआरओ योगेश कुमार शर्मा व अन्य उपस्थित थे।

### अनियंत्रित बोलेरो पलटा,चार घायल



**गिद्धौर(चतरा):** थाना क्षेत्र के बायं मोड़ के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित बोलेरो वाहन पलटने से वाहन में बैठे चार लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए हजारीबाग सदर असपताल भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही गिद्धौर थाना से सहायक अवर निरीक्षक रंजय कुमार सिंह दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।वहीं क्षतिग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में लिया। बताया जता है की बोलेरो वाहन हजारीबाग की ओर से चतरा की ओर जा रही थी। इसी क्रम में बायं मोड़ के समीप एक मारुति वैन से ओवर टेक करने के क्रम में बोलेरो वाहन अनियंत्रित हो गया और विपरित दिशा में वन विभाग द्वारा काटे गए ट्रेंच में पलट गया। दुर्घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।वहीं बोलेरो वाहन में बैठे चार लोग जख्मी हो गए।इनमें से तीन व्यक्ति हजारीबाग जिला के बरही के तथा एक गिद्धौर थाना क्षेत्र के द्वारी गांव का बताया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में योग का आयोजन





### सांसद, विधायक एवं उपायुक्त ने की भागीदारी

मेट्रो रेज संवाददाता

**चतराः** जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर जिले भर से छात्र-छात्राएँ, आमजन, प्रशासनिक अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन एवं योग प्रशिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह शामिल हुए। उनके साथ चतरा विधायक जनार्दन पासवान एवं उपायुक्त कीर्तिश्री भी उपस्थित रहीं। इन सभी गणमान्य अतिथियों ने मंच साझा किया और स्वयं योगाभ्यास में सक्रिय सहभागिता दी।कार्यक्रम में प्रातः 6:00 बजे सामूहिक योगाभ्यास की शुरूआत, योग प्रशिक्षकों द्वारा निर्देशित विविध योगासन, योग से निरोग विषय पर संबोधन, आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य परामर्श एवं प्रदर्शनी, बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों की विशेष भागीदारी रही।अपने संबोधन में सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि योग भारत की वह सांस्कृतिक शक्ति है, जिसे आज पूरा विश्व स्वीकार कर रहा है। हमें इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि चतरा जिले के लोग जिस उत्साह से योग दिवस में भाग ले रहे हैं, वह प्रशंसनीय है। योग आत्मबल और अनुशासन का प्रतीक है।

उपायुक्त कीर्तिश्री ने अपने संबोधन में कहाः योग सिर्फ एक दिवस की गतिविधि नहीं, यह जीवन जीने की कला है। सभी लोग इसे रोजाना अपनाएं और स्वयं को स्वस्थ रखें। इस अवसर पर आयुष विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग सहित कई संस्थाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन की सभी इकाइयों का सराहनीय योगदान रहा।

# बाबूलाल से मिले रघुवर दास बीजेपी के प्रदेश संगठन पर हुई चर्चा

संवाददाता

**रांचीः** नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुवर दास से रविवार को मुलाकात की। दुमका सर्किट हाउस में दोनों नेताओं के बीच बीजेपी के संगठनात्मक कार्यो को लेकर चर्चा हुई।

रघुवर दास के ओडिशा का राज्यपाल पद छोड़ने के बाद बीजेपी में हुई उनकी ज्वाइनिंग के बाद दोनों नेताओं की ये पहली मुलाकात है। माना जा रहा है कि नये बीजेपी के नये प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा पार्टी की ओर से जल्द ही की जा सकती है। प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए रघुवर दास के एक प्रबल दावेदार है। ऐसे में इन दोनों नेताओं की मुलाकात में प्रदेश स्तर पर संगठन में होने वाले बदलाव और संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा हुई।



इस बीच दो अन्य पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और चंपाई सोरेन ने भी पार्टी के अंदर अपनी गतिविधियां बढ़ा दी है। अर्जुन मुंडा एक बार फिर से बीजेपी के अंदर हो रहे कार्यक्रमों में भाग लेने लगे है। लोकसभा चुनाव हारने और पत्नी के विधानसभा चुनाव हारने के बाद मुंडा की पार्टी के अंदर गतिविधियां न के बराबर हो रही थी। वो पार्टी के बैठक और कार्यक्रमों से दूर रह रहे थे लेकिन अब उनकी सक्रियता एक बार फिर से दिख रही है। वहीं दूसरी ओर चंपाई सोरेन कोल्हान में पार्टी के कार्यक्रमों में शामिल होते रहे है। एक बार फिर से वो संताल परगना के भोगनाडीह जाने वाले है। अपनी राजनीतिक सक्रियता चंपाई और तेजी से बढ़ाना चाह रहे है।

# सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल में मना विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

मेट्रो रेज

**रांचीः** सौरेंद्र मोहिनी पब्लिक स्कूल में विश्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न तरह की योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया और सभी को इस बात से अवगत कराया कि योग हमारे जीवन में क्या महत्व रखता है। इस अवसर पर स्कूल के निर्देशक सौमेन दत्ता प्रधानाध्यापक डॉ आरके मौजूद थे । निर्देशक सौमेन दत्ता ने कहा योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि जीवन जीने का एक अद्भुत तरीका है। शरीर मन और आत्मा को संतुलन में लाने का एक माध्यम है । योगसे न केवल स्वास्थ्य



बेहतर होता है बल्कि मनुष्य को संयम ,अनुशासित और आत्म नियंत्रित होना सिखाता है। विद्यार्थी जीवन में यह अत्यधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एकाग्रता मानसिक स्पष्ट बढ़ता है। मौके पर मौके पर रुखसार, उपासना मधु मिंज , सुधीर तिवारी, फ्रांसिस पन्ना, रिचा कुमारी अर्चना कुमारी, अभिनव , सुरभी सिंह व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### नगड़ी में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ बंधु तिर्की ने सीएम से की मुलाकात

# रिम्स-2 पर पुनर्विचार की मांग

संवाददाता

**रांचीः** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात कर नगड़ी मौजा में रिम्स-2 के निर्माण हेतु हो रहे भूमि अधिग्रहण को अनुचित करार देते हुए इसे रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह अधिग्रहण उन ग्रामीणों और रैयतों की आजीविका पर सीधा प्रहार है, जो वर्षों से खेती के माध्यम से जीवनयापन कर रहे हैं। उन्होंने इसे जनविरोधी और विकास विरोधी कदम बताया, जिसे हर हाल में वापस लिया जाना चाहिए। तिर्की ने बताया कि इससे पूर्व भी नगड़ी क्षेत्र में आईआईएम, ट्रिपल आईटी और राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण जैसे प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि अधिग्रहण का प्रयास किया गया था, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते वे योजनाएं रद्द करनी पड़ी थीं। अब रिम्स-2 के लिए अधिग्रहण की कोशिशें ग्रामीणों की भावनाओं और सरकार के प्रति उनके विश्वास के विरुद्ध हैं। उन्होंने बताया कि नगड़ी अंचल में खेती योग्य भूमि पहले से ही सीमित है



और अधिकांश लोग खेती पर निर्भर हैं। ऐसे में भूमि अधिग्रहण से क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक संरचना पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गुरुजी शिबू सोरेन इस क्षेत्र की स्थिति से भलीभांति परिचित हैं और उन्हें ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए। तिर्की ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पेसा कानून को तत्काल लागू किया जाए और उसकी नियमावली को अंतिम रूप देकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन झारखंड की आत्मा हैं और पेसा कानून के लागू होने से विस्थापन, पलायन और भूमि अधिग्रहण जैसे गंभीर मुद्दों पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

बंधु तिर्की ने टाना भगत समुदाय की दयनीय आर्थिक और सामाजिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके सर्वांगीण विकास के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने 28 अप्रैल 2017 को गठित टाना भगत विकास प्राधिकार की विफलता की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए इसे प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति और जिला स्तर पर उपायुक्त की अध्यक्षता में एजेंसी का गठन किया जाए ताकि समुदाय तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और लक्षित सर्वेक्षण के आधार पर उनके विकास की योजनाएं क्रियान्वित की जा सकें।

# घुरती रथ और मुहर्रम छह जुलाई को, पुलिस प्रशासन अलर्ट





संवाददाता

**रांचीः** राजधानी रांची सहित झारखंड के कई इलाकों में 27 जून को प्रभु जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकलेगी। इस दौरान छह जुलाई तक जगन्नाथ स्वामी, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की विशेष पूजा-अर्चना की जायेगी। मेले में लगेगा। छह जुलाई को घुरती रथ के साथ मेला का समापन होगा। घुरती रथ में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान का रथ खींचने मौसीबाड़ी पहुंचेंगे। इसी दिन मुहर्रम भी मनाया जायेगा। ऐसे में किसी भी तरह की विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है।

**सभी जिलों के एसपी को किया गया अलर्टः** जानकारी के अनुसार, रथ मेला और मुहर्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय आईजी अभियान ने सभी जिलों के एसपी को अलर्ट कर दिया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जिलों के एसपी को बताया गया है कि 27 जून को पूरे राज्य में रथ मेला का आयोजन होगा। वहीं, नौ दिन बाद यानी छह जुलाई को घुरती रथ मेला होगा। इसी दिन छह जुलाई को ही मुहर्रम मनाने की सूचना है। इसलिए इस दिन विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है।

**विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने की जरूरतः** राज्य की सांप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए त्योहार के दौरान विशेष निगरानी और सतर्कता बरतने की जरूरत है। आईजी अभियान की ओर से पूर्व में रथ मेला के दौरान घटित घटनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी है। साथ ही सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं। जिलों के एसपी से पिछले पांच साल के दौरान रथ मेला के दौरान हुए विवाद के बारे में भी जानकारी मांगी गयी है। जिससे कि इन विवादों का पहले ही समाधान सुरक्षा की दृष्टि से कर लिया जाये।

### इन बिंदुओं पर दिये गये हैं निर्देश

* अवैध शराब और जुआ के अड्डे पर छापेमारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाये। साथ ही मंदिर परिसर, मेला क्षेत्र और रास्ते में विशेष निगरानी रखी जाये।
* सभी पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने इलाकों में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर विवादित समस्याओं का समाधान कर लें।
* पुलिस प्रशासन द्वारा सघन गश्ती किये जाने की जरूरत है, जिससे किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।
* मेला वाली जगह पर कुछ गैंग सक्रिय होकर मादक पदार्थ या हथियार की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। इसकी निगरानी रखी जाये।
* विधि-व्यवस्था संभालने के लिए विवादित स्थलों पर पुलिस बल और दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति जरूरी है। इस दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास किया जा सकता है।

### मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

# रांची समेत पांच जिलों में फिर होगी भारी बारिश

संवाददाता

**रांचीः** 19 जून को राजधानी रांची समेत कई जिलों में भारी बारिश हुई। इसकी वजह से स्कूलों को भी प्रशासन ने बंद कर दिया। एक बार फिर से रांची समेत पांच जिलों में भारी बारिश का अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम विभाग ने 24 और 25 जून को रांची, हजारीबाग, लोहरदगा, रामगढ, गुमला और खूंटी में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

वहीं 25 जून को भी रांची सहित रामगढ़, लोहरदगा, गुमला, खूंटी, सरायकेला-खरसांवा, पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा और



पूर्वी सिंहभूम में भारी बारिश की संभावना जतायी है। दोनों दिन संबंधित जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर राजधानी रांची में फिलहाल बादल छाये रहेंगे और दोपहर बाद कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार और सोमवार को भी 10 जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसमें गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड, दुमका, देवघर और जामताड़ा शामिल है। इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अन्य जिलों में फिलहाल मौसम साफ रहेगा।

### यीशु मसीह पर विश्वास से सब संभव हो जाता हैं : रेव्ह निरल बागे

रांचीः जीइएल चर्च सीआरसी महिला समिति का वार्षिक सम्मेलन शनिवार को गोस्सनर मिडिल स्कूल सभागार में हुआ। यह सम्मेलन बाइबल के मूल वचन यशायाह 55:6 पर आधारित था जिसमें कहा गया है कि जब तक यहोवा मिल सकता है तब तक उसकी खोज में रहो, जब तक वह निकट है तब तक उसे पुकारो। मौके पर जीइएल चर्च के रेव्ह निरल बागे मुख्य वक्ता ने कहा कि यीशु मसीह पर विश्वास करने वाले के सामर्थ्य में बड़े-बड़े काम होते हैं। विश्वास की तरह प्रेम भी महत्वपूर्ण है। यदि हम यीशु मसीह पर विश्वास करते हैं तो हम परमेश्वर से प्रेम करेंगे। उसी तरह हम पड़ोसी से भी प्रेम करेंगे। पड़ोसी से प्रेम करने का मतलब गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों से प्रेम करना है। उनकी जरूरतों को पूरा करना है। रेव्ह निरल ने कहा कि महिला समिति सेवा के बहुत सारे कार्य कर सकती है। चर्च की महिला पादरी और कलीसिया महिला संघ की सचिव रेव्ह शशिरीता कंडुलना ने परमेश्वर को देने के विषय में अपनी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि हम परमेश्वर को क्या दे सकते हैं?

# पर्यावरण व स्वच्छ रखने को लेकर प्रदेश शौंडिक संघ का वनरोपण, पौधरोपण कार्यक्रम

मेट्रो रेज

रांचीः स्वयं सेवी संस्थान झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने पूर्व घोषित कार्यक्रम वनरोपण, पौधरोपण के तहत आज सर्कुलर रोड बर्दमान कंपाउंड स्थित होली क्रॉस सोसाइटी के ठीक सामने स्थित खाली बगान में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, प्रदेश संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू, प्रदेश महामंत्री उमेश साहु, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु, प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु, रमेश साहु, कुणाल कुमार बंटी, वनरोपण प्रभारी अरुणदेव कुमार,उपेन्द्र कुमार, ओम प्रकाश गुप्ता, पंच परगना सुंडी संघ से सचिव उपेन्द्र साहु, दामोदर गोराई, एवं अन्य उपस्थित लोगों ने पेड़ लगाकर धरती को हरा भरा बनाने के लिए उपस्थित लोगों को प्रेरित किया। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु ने पेड़ लगाते हुए अपने संबोधन में कहा




कहा कि वनरोपण पौधरोपण कर पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए बहुत ही जरूरी है। आइए हम सभी मिलकर वनरोपण पौधारोपण कर सभी संकल्प लें और देश को हरा भरा बनाने में अपना भरपूर सहयोग और योगदान देने की जरूरत होनी चाहिए। आने वाली पीढ़ी को प्रदूषण मुक्त स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य प्रदान किया जा सकता है। आज के इस वनरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी अरुणदेव कुमार एवं प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु जी ने पिछले दिनों से ही पूरी तैयारी कर रखी थी। प्रदेश महामंत्री उमेश साहु ने झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ द्वारा आयोजित वनारोपण पौधा रोपण कार्यक्रम की गति विधियों को प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी सक्रियता से करने की बात कही है।

# बच्चों के बीच मनायी गयी चंद्रमोहन मिश्रा की पुण्यतिथि

मेट्रो रेज

**रांचीः** लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के वरीय पदाधिकारी एवं छात्र क्लब चिकित्सक मंच के संरक्षक अमित कुमार मिश्रा ने

मुक वधिर विद्यालय हरमू हाउसिंग कॉलोनी के बच्चों के बीच योगाभ्यास कर, पाठ्य,खेलकूद सामग्री एवं टॉफी,बिस्किट्स आदि का वितरण कर अपने दादा स्व चंद्रमोहन मिश्रा की 26 वीं पुण्यतिथि मनाई। इसके पूर्व स्व चंद्रमोहन मिश्रा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए बसंत कुमार मिश्रा ने कहा वे सामाजिक एवं धार्मिक प्रवृति के थे साथ ही वे बच्चों एवं क्षेत्र के लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे। सामाजिक कार्यक्रम कर उन्हें हमेशा स्मरण किया जाएगा। रजनीश मिश्रा ने कहा वे कठिन परिश्रम करके व्यवसाय जगत में एक मुकाम हासिल किया था एवं समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलजुलकर सामाजिक कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे वहीं अमित कुमार मिश्रा ने योगक्रिया के विभिन्न पहलुओं प्रायाणाम, सूर्य नमस्कार आदि के जीवन में महत्व को बतलाया और बच्चों संग योगासन किया।उन्होंने कहा नियमित योग कर अपने दिनचर्या मे अपनाएं और स्वास्थ्य रहें। शिव किशोर शर्मा द्वारा उपस्थित लोगों को अंतराष्ट्रीय योग



दिवस की शुभकामनाएं देकर कार्यक्रम की समापन हुई।


कार्यालय, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, खलारी (राँची)
Email-ID:- bdokhelari-ranchi@jharkhandmail.gov.in

अति अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या – 01 / 2025–26

1. विज्ञापन दाता का नाम :–प्रखड विकास पदाधिकारी, खलारी
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–प्रखण्ड कार्यालय, खलारी
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक 23.06.2025 को कार्यालय अवधि
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :–दिनांक 23.06.2025 से 01.07.2025 के 03:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :–प्रखण्ड कार्यालय, खलारी
6. निविदा खोलने की तिथि :–01.07.2025 को 03:30 बजे अपराह्न
7. निविदा खोलने का स्थान :–प्रखण्ड कार्यालय, खलारी

| क्र.सं. | योजना का नाम | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डाक बंगला, कोनका, मैक्कलुस्कीगंज भवन– 4 पुरी तरह सुसज्जित कमरा (एल.ई.डी. टीवी, टीवी युनिट, मिनी फ्रीज, आधुनिक बेड गद्दा, वार्डरोब, फॉल सीलिंग लाईट सहित, ए.सी., 5 आधुनिक बाथरूम, 1 मॉड्यूलर किचन, बर्तन सहित (क्रॉकरी, फ्रीज, चिमनी सहित मॉड्यूलर चूल्हा) एवं 2 डाईनिंग रूम टेबुल, सोफा एवं कुर्सी सहित) जेनरेटर, इनवर्टर, सी.सी.टी.वी. कैमरा एवं दो बरामदा और लगभग 2 एकड़ (मैदान + एक तालाब) क्षेत्र को 20 वर्षों की अवधि के लिए वार्षिक किराये पर पट्टे (लीज) हेतु | 20,000.00 | 2,000.00 | 2 माह |

नोटः– 1. निविदा से संबंधित अन्य शर्तें प्रखण्ड कार्यालय खलारी के सूचनापट्ट पर देखी जा सकती है।
2. निविदा की प्रति अग्रधन की राशि प्राप्त करने के उपरांत दी जायेगी।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी
खलारी (राँची)

PR 355709 (District)25-26*D



# जर्मनी में विदेशी छात्रों को मिलती है कम कीमत में क्वालिटी एजुकेशन

**दुनिया भर से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों के लिए जर्मनी एक खुली और रंगबिरंगी सोसायटी है। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए जर्मनी पहले ही हॉट स्पॉट बन चुका है और इसमें लगातार तेजी देखने को मिल रही है। जर्मनी में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़कर 3.60 लाख पहुंच चुकी है यानी प्रत्येक सेमेस्टर में एक चौथाई छात्र विदेशी हैं।**

दुनिया भर से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों के लिए जर्मनी एक खुली और रंगबिरंगी सोसायटी है। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए जर्मनी पहले ही हॉट स्पॉट बन चुका है और इसमें लगातार तेजी देखने को मिल रही है। जर्मनी में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़कर 3.60 लाख पहुंच चुकी है यानी प्रत्येक सेमेस्टर में एक चौथाई छात्र विदेशी हैं।

जर्मनी में क्यों करें पढ़ाई

जर्मनी में पढ़ाई करने के कई कारण हैं जिसमें प्रमुख है शिक्षा की बेहतरीन गुणवत्ता, ट्यूशन फीस में छूट, शानदार करियर के मौके, इंगलिश में पढ़ाए जाने वाले इंटरनैशनल डिग्री प्रोग्राम आदि शामिल हैं। जर्मनी की यूनिवर्सिटिज की दुनिया में काफी प्रतिष्ठा है। टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जर्मनी की 47 यूनिवर्सिटिज दुनिया की सबसे अच्छी यूनिवर्सिटिज में शामिल हैं। आप इस बात पर विश्वास करें या नहीं लेकिन यह सच है कि जर्मनी की कई यूनिवर्सिटिज ट्यूशन फीस नहीं लेती हैं और यह बात विदेशी छात्रों पर भी लागू होती है। इसके अलावा यहां छात्रों के पास स्कॉलरशिप प्राप्त करने के भी कई मौके होते हैं खासतौर से जर्न अकेडमिक एक्सचेंज सर्विस के जरिए। इसके भारत में कई ऑफिस हैं जो भारतीय छात्रों को उनकी जरुरत के हिसाब से कोर्स मुहैया कराती है।

भाषा

जर्मनी में विदेशी छात्र करीब 2 हजार ऐसे कोर्सेस में से अपनी पसंद का कोर्स चुन सकते हैं जिनकी पढ़ाई अंग्रेजी में कराई जाती है। इसलिए यहां जर्मन भाषा की समझ जरूरी नहीं है। हालांकि जर्मन भाषा को सीखना आगे आपके ही काम आएगा।

आइडिया का देश

जर्मनी शुरू से ही अविष्कारों का देश रहा है यहां प्रिंटिंग प्रेस से लेकर ऑटोमोबाइल और एमपी 3 फॉर्मेट का अविष्कार हुआ है। अभी तक करीब 80 जर्मन वैज्ञानिकों को नोबेल पुरस्कार मिल चुका है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फॉरम की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी सबसे इनोवेटिव देश है। इसमें जर्मनी की यूनिवर्सिटिज अहम रोल निभाती है क्योंकि यहां रिसर्च काफी मजबूत है।

किसी जर्मन यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद छात्र 18 महीने जर्मनी मे नौकरी ढूंढने के लिए रूक सकते हैं। जर्मनी इंडस्ट्रीयल इनोवेशन और मैनुफैक्चरिंग में वर्ल्ड लीडर है इसलिए यहां हर समय इंजिनियर्स की कमी रहती है। इसके अलावा यहां कई ऐसे शहर हैं जहां होली और दिवाली जैसे त्योहार मनाए जाते हैं जिसके कारण यह भारतीयों के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है।



# ये 5 वॉटर कोर्स दिलाएंगे विदेश जाने का मौका

**अगर आप विदेश जाकर करियर बनाना चाहते हैं तो आपके लिए जरूरी आर्टिकल है। यहां पर हम यहां पर टॉप-5 वॉटर डिप्लोमैसी और डेवलपमेंट कोर्सेज के बारे में बता रहे हैं, जिनमें आप बेहतरी करियर बना सकते हैं। साथ ही लाखों-करोड़ों रुपये की कमाई भी कर सकते हैं।**



पानी की कमी और खराब गुणवत्ता जैसी समस्याएं आज पूरी दुनिया में देखी जा रही हैं। सबसे बड़ी बात ये समस्याएं किसी एक देश की सीमाओं में नहीं सिमटी हैं। ऐसे में वैश्विक जल प्रबंधन के मुद्दों को सुलझाने के लिए कुशल रणनीतिकारों और विकास विशेषज्ञों की ज़रूरत है। दुनिया भर में कई देश अपने जल संसाधनों का प्रबंधन टिकाऊ तरीके से करने की चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए ऐसे लोगों की ज़रूरत है जिनके पास सही विशेषज्ञता और व्यावहारिक ज्ञान दोनों का मिश्रण हो।

## क्रॉस कल्चरल कम्यूनिकेशन स्किल

वैश्विक स्तर पर टिकाऊ जल कूटनीति के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद स्थापित करना और वैश्विक भाषाई परिवेश में काम करना सीखना है। पेशेवर कूटनीतिज्ञों को कूटनीतिक वार्ता, हितधारकों को जोड़ने और नीतिगत पैरवी करते समय सावधानी और खुले दिमाग का परिचय देना चाहिए।

## तकनीकी विशेषज्ञता

जल विज्ञान, जल प्रबंधन सिद्धांतों और पर्यावरण विज्ञान में मजबूत आधार होना इस पेशे की नींव है। जल मॉडलिंग, जीआईएस और डेटा विश्लेषण में विशेषज्ञता आमतौर पर हायर करने वाले ढूंढते हैं।

## नीति विश्लेषण और विकास

जल क्षेत्र का मूल जल नीतियों का विश्लेषण करना, उनके लागू करने के परिणामों का अध्ययन करना और बेहतर, टिकाऊ जल संसाधन प्रबंधन रणनीतियों के विकास में शामिल होना है।

## वार्ता और समाधान

जल पेशेवरों में कूटनीतिक स्किल मजबूत होनी चाहिए और उन्हें विवादों का समाधान करने में सक्षम होना चाहिए ताकि पानी तनाव और संघर्ष का कारण न बने।

## कोर्सेज एंड ट्रेनिंग, वाटर डिप्लोमेसी एंड गवर्नेंस

अंतर्राष्ट्रीय जल कानून, सीमा पार जल प्रबंधन और कूटनीति पर बल देने वाले पाठ्यक्रम छात्रों को साझा जल संसाधनों के प्रबंधन में शामिल जटिल मुद्दों की बुनियादी समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

## पर्यावरण नीति और रेगुलेशन

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ जल संसाधनों के लिए नियामक व्यवस्थाओं की जानकारी होना उचित कानून और रणनीतियां बनाने के लिए ज़रूरी है।

## परियोजना प्रबंधन

बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को सफलतापूर्वक चलाने के लिए नेतृत्व क्षमता, बजट बनाने का कौशल, सहयोग और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों वाली टीम वर्क की आवश्यकता होती है।

## जल विज्ञान और जल प्रबंधन

ऐसे तकनीकी पाठ्यक्रम मौजूद हैं जो जल विज्ञान मॉडलिंग, जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन और एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन जैसे विषयों पर पढ़ाते हैं। ये पाठ्यक्रम जल संसाधनों के टिकाऊ उपयोग के लिए व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करते हैं।

## अंतर-सांस्कृतिक संचार और वार्ता

इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर-सांस्कृतिक संचार और वार्ता कौशल पर केंद्रित होते हैं, जो वैश्विक जल क्षेत्र में विभिन्न हितधारकों के साथ सफलतापूर्वक बातचीत करने की क्षमता प्रदान करते हैं।

## पेशेवर विकास कार्यक्रम

संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और क्षेत्रीय विकास बैंक जैसे संगठन अक्सर जल संसाधन प्रबंधन और अंतर्राष्ट्रीय विकास के क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्तियों के लिए पेशेवर विकास कार्यक्रम और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करते हैं।





# ये हैं देश की सबसे महंगी डिग्रियां, जानिए एवरेज फीस

**समय के साथ देश में शिक्षा भी महंगी हो गई है। शायद यही वजह है कि अब कुछ डिग्रियों को प्राप्त करने के लिए युवाओं को ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। हालांकि, सरकारी कॉलेजों में फीस फिर भी कम है। लेकिन प्राइवेट कॉलेजों कई कोर्सेज के फीस बहुत ही ज्यादा है। ऐसे में आइए हम आपको बताते हैं देश की सबसे महंगी डिग्रियों के बारे में**

भारत में मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित कई कोर्स संचालित किए जाते हैं। कई कोर्स ऐसे होते हैं जिन्हें करने के बाद बढ़िया सैलरी भी मिलती है। हालांकि, ये डिग्रीयां महंगी भी होती हैं। ऐसे में आइए हम आपको बता दें कि देश की सबसे महंगी डिग्रियों के बारे में?

## मेडिसिन

मेडिसिन की डिग्री भारत में महंगी डिग्री में एक है। मेडिसिन की पढ़ाई सरकारी कॉलेजों में सस्ती होती है। लेकिन अगर प्राइवेट कॉलेजों की बात करें तो मेडिसिन की डिग्री के लिए 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक खर्च करना पड़ सकता है।

## इंजीनियरिंग डिग्री

भारत में इंजीनियरिंग डिग्री के लिए सरकारी स्कूलों में फीस एक वर्ष की 2 लाख रुपये तक है। लेकिन प्राइवेट कॉलेजों की बात करें तो इंजीनियरिंग के लिए 10 लाख रुपये या फिर उससे ज्यादा तक की फीस एक वर्ष के लिए देना पड़ सकता है।

## बिजनेस डिग्री

बिजनेस मैनेजमेंट सहित अन्य कोर्सेज के लिए आईआईएम सहित अन्य सरकारी कॉलेजों को छोड़कर स्टूडेंट्स 20 से 25 लाख रुपये तक खर्च करना पड़ सकता है। हालांकि, प्राइवेट इंस्टीट्यूट में स्टूडेंट्स को कई तरह की स्कॉलरशिप भी दी जाती है।

## लॉ कोर्सेज

लॉग की डिग्री लेने के लिए प्राइवेट कॉलेजों में स्टूडेंट्स को कुल 10 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। बदलते दौर के साथ लॉ के क्षेत्र में करियर ऑप्शन भी बढ़ गए हैं। जिसके चलते बड़ी संख्या में हर वर्ष स्टूडेंट्स लॉ की पढ़ाई करते हैं। यही वजह है कि कई प्राइवेट कॉलेजों की तरफ से फीस भी बढ़ा दी गई है।

## एविएशन

एविएशन की डिग्री भी देश की महंगी डिग्रियों में एक है। एविएशन की पढ़ाई के लिए स्टूडेंट्स को 5 लाख रुपये से 15-20 लाख रुपये की फीस एक वर्ष की देनी पड़ सकती हैं। हालांकि, एविएशन की पढ़ाई के बाद स्टूडेंट्स को बढ़िया सैलरी भी मिलती हैं।

## डिजाइन

डिजाइन कोर्सेज की गिनती भी महंगी डिग्रियों में होती है। देश के कई संस्थानों से डिजाइन कोर्सेज को करने के लिए स्टूडेंट्स को 10 से लाख रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। हालांकि, डिजाइन कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को बढ़िया सैलरी भी मिलती है।





# फूड स्टार्टअप्स में ऐसे बनाएं करियर

**बदलते जमाने के साथ लोग परंपरागत कोर्सेज से हटकर कुछ ऐसे नए कोर्स कर रहे हैं, जिससे वे न सिर्फ पैसा कमा कर रहे हैं, बल्कि अपना सपना भी पूरा कर रहे हैं। इन्हीं फील्ड में फूड स्टार्टअप भी नया विकल्प बनकर उभरा है। जिसमें आप बेहतर करियर बना सकते हैं।**

खाने की दुनिया लगातार बदल रही है और इस बदलाव में सबसे आगे चल रहे हैं फूड आंत्रप्रेन्योर्स। ये नई पीढ़ी के बिजनेस करने वाले लोग परंपरागत रेस्टोरेंट के तरीकों को तोड़ रहे हैं। ये ना सिर्फ खाने के बारे में हमारे नजरिए को बदल रहे हैं, बल्कि खाने से जुड़े स्टार्टअप्स में रोजगार के नए मौके भी पैदा कर रहे हैं। अगर आप भी इस रोमांचक फील्ड में करियर बनाने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले ये जानना ज़रूरी है कि फूड बिजनेस से जुड़े कौन-कौन से कोर्स हैं, करियर के कौन से विकल्प मौजूद हैं और आपको किन खासियतों की ज़रूरत होगी।

## पाठ्यक्रम और शिक्षा

अच्छा खाना पकाने की शिक्षा के बिना ज्यादातर फूड एंटरप्रेन्योर्स अपना सपना पूरा नहीं कर पाते। वैसे तो कुकिंग स्कूल क्लासिकल और प्रैक्टिकल तरीके से खाना बनाना सिखाने के साथ-साथ किचन मैनेजमेंट भी सिखाते हैं, लेकिन फूड एंटरप्रेन्योरशिप कोर्स रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बिजनेस चलाने के बारे में पूरी जानकारी देते हैं। इन कार्यक्रमों में खासतौर पर फूड प्रोडक्ट डेवलपमेंट, मार्केटिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में जानकारी दी जाती है। इससे भविष्य के फूड एंटरप्रेन्योर्स को बिजनेस में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरी स्किल्स हासिल हो जाते हैं।

## फूड स्टार्टअप्स में करियर विकल्प

**शेफप्रेन्योर**

जो लोग खाने के क्षेत्र में नयापन लाना चाहते हैं, उनके लिए शेफप्रेन्योर बनना एक बेहतरीन विकल्प है। ये क्रिएटिव फूड प्रोडक्ट डेवलपर होते हैं, जो अपने पाक कला के हुनर से ऐसे प्रोडक्ट्स बनाते हैं, जिनका स्वाद ग्राहकों के ज़हन में बस जाता है और उनकी ब्रांड प्रतियोगिता में अलग पहचान बनाती है।

**फूड टेक्नोलॉजिस्ट**

फूड टेक्नोलॉजिस्ट वो प्रोफेशनल्स होते हैं, जो खाने के सामान बनाने और उनकी खासियतों को बनाए रखने में माहिर होते हैं। फूड साइंस और टेक्नोलॉजी के ज्ञान का इस्तेमाल करते हुए ये प्रोडक्ट की क्वालिटी, सुरक्षा और शेल्फ लाइफ सुनिश्चित करते हैं, साथ ही नए प्रोडक्ट बनाने और मौजूदा प्रोडक्ट्स को बेहतर बनाने के अवसर तलाशते हैं।

**मार्केटिंग और ब्रांडिंग स्पेशलिस्ट**

फूड स्टार्टअप बाजार में सफलता के लिए अच्छी मार्केटिंग और ब्रांडिंग बहुत जरूरी है। मार्केटिंग प्रोफेशनल्स सोशल मीडिया, इनफ्लुएंसर कोलैबोरेशन और एक्सपीरियंसल मार्केटिंग कैम्पेन्स जैसे अलग-अलग मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए ब्रांड रिकॉल, लॉयल्टी और डिमांड पैदा करने के लिए अपने क्रिएटिव स्किल्स और रणनीतिक सोच का इस्तेमाल करते हैं।

**सप्लाई चेन और ऑपरेशन्स मैनेजर**

फूड स्टार्टअप की सफलता के लिए किसी भी काम की तरह सप्लाई चेन का सुचारू रूप से चलना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सप्लाई चेन और ऑपरेशन्स मैनेजर सामान मंगवाने, प्रोडक्शन प्रोसेस को लागू करने और लॉजिस्टिक सपोर्ट का समन्वय करते हैं, जिससे पूरी सप्लाई चेन एक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से चलती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## समाचार सार

### आम महोत्सव सह बागवानी मेला संपन्न

दुमका : दुमका जिले के जिला ग्रामीण विकास शाखा परिसर में शनिवार को ₹आम महोत्सव सह बागवानी मेला₹ का आयोजन बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत सफलता पूर्वक किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फलदार वृक्षों से प्राप्त उत्पादों को बाजार से जोड़ना और बागवानी गतिविधियों को ग्रामीण आजीविका से जोड़कर प्रोत्साहित करना है।
महोत्सव के दौरान किसानों को वृक्षारोपण, रखरखाव, विपणन और मूल्य संवर्धन से जुड़ी उपयोगी जानकारी दी गई। उन्हें स्थानीय व बाह्य बाजारों से जुड़ने के अवसरों के बारे में बताया गया, ताकि आयवृद्धि और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त पहल हो सके।
इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान खरछढर एवं मनरेगा के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, सखी मंडल की दीदियाँ से मिले। बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह आयोजन न केवल किसानों के लिए जागरूकता का सशक्त मंच बना, बल्कि स्थानीय स्तर पर फलोत्पादन और बागवानी को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरक कदम भी सिद्ध हुआ।

### केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने की उपायुक्त के साथ बैठक



**देवघर :** भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव शैलेश कुमार सिंह के देवघर जिले में आगमन पर देवघर परिसदन में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।
इसके अलावा भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव श्री सिंह के द्वारा क्षेत्र में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जेएसएलपीएस द्वारा जिला अंतर्गत किये जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। आगे उन्होंने विकास लक्ष्यों को समय पर हासिल करने के लिए लंबित योजनाओं को चिह्नित कर उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।
मौके पर उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, डीआरडीए निर्देशक नरेश रजक, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणबीर कुमार सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### +2 उच्च विद्यालय हरिपुर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



बासुकीनाथ : जरमुंडी प्रखंड के + 2 उच्च विद्यालय हरिपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्राचार्य दिलजीत कुमार के अगुवाई में छात्र-छात्रा,शिक्षक एवं अविभावकों ने योग दिवस मनाया । विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बहुत ही रुचि रखते हुए योगा किया।
इस अवसर पर प्राचार्य श्री कुमार ने योग करने की विशेषता पर विस्तार से बताया। मौके पर उपस्थित सत्येंद्र मुर्मू ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, और स्वस्थ शरीर का दिमाग तेज रहता है।
इस अवसर पर राजेश कुमार, सुरेश चंद्र सोरेन, अजय कुमार झा, आदित्य हेंब्रम, संतोषणी मुर्मू, रंजीता कुमारी, मल्लिका सिंह, पार्थव हाजरा,मो ० मोईम अंसारी, कन्हाई पंडित, शुभंकर राउत, दिलीप कुमार के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

### इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक का दोनों पैर कटा

**साहिबगंज:** मालदा रेल खंड अंतर्गत शहर के पश्चिमी फाटक केबिन से कुछ ही दूरी पर इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक का दोनों पर कट गया जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया।आरपीएफ व स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सरल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल युवक बिहार के जमालपुर जिला का निवासी राकेश कुमार बताया जा रहा है और वह अपने किसी रिश्तेदार के यहां सकरीगली मदनशाही आया था। घटनास्थल पर मौजूद आसपास के लोगों ने बताया कि इंटरसिटी ट्रेन पश्चिम फाटक क्रास करते हुए जा रही थी तभी अचानक युवक पश्चिमी फाटक के केविन से कुछ दूरी पर चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास किया। जिसके कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन के नीचे आ गया जिसके कारण उसके एक पर पूरी तरह से अलग हो गया जबकि दूसरा पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों की घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर आरपीएफ को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही आफ के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। खबर लिखे जाने तक आफ मामले की छानबीन करते हुए उसकी स्वजनों का पता लगाने में जूटी थी ।

### योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें : उपायुक्त

दुमका : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को इंडोर स्टेडियम दुमका में जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के नेतृत्व में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील किया कि वे योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और इसे परिवार और समाज में भी बढ़ावा दें। योग को लेकर जनजागरूकता समय की मांग है और विज्ञान का भी यही मानना है कि इसके सतत अभ्यास से हम कई बीमारियों से बच सकते हैं। योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम व ध्यान की विधियां कराई गई और उनके लाभों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी, स्कूली बच्चें आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त हेमंत सती ने बरहेट प्रखंड में विकास योजनाओं का लिया जायजा

## शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य केंद्र और निर्माण कार्यों का हुआ व्यापक निरीक्षण

## सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को निर्देशित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने आज बरहेट प्रखंड एवं बोरियों, प्रखंड के बंदरकोल, रंगमटिया, बरमसिया, सिंगा एवं गोपलाडीह क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण कर विभिन्न विकास योजनाओं एवं संस्थानों की वस्तुस्थिति की समीक्षा की।निरीक्षण की शुरूआत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, बोरियो से हुई। उपायुक्त ने छात्राओं की शिक्षाव्यवस्था स्वच्छता शौचालय, पेयजल आदि सुविधाओं का जायजा लिया। विद्यालय की बाउंड्री वॉल को मजबूत करने हेतु उन्होंने संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके बाद बंदरकोल स्थित आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने शिक्षकों से शैक्षणिक गुणवत्ता एवं बच्चों की उपस्थिति पर चर्चा की तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए।रंगमटिया 2 में नव-निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने बारिश से हो रहे मिट्टी कटाव को गंभीरता से लिया और तत्काल सुरक्षात्मक उपाय अपनाने का निर्देश दिया।बरमसिया स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता एवं स्वच्छता की समीक्षा की। वहीं बोरियों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक वार्ड, लैब, दवा वितरण केंद्र तथा चिकित्सकों की उपस्थिति की विस्तृत जांच की गई। उन्होंने मरीजों से सीधा संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया और चिकित्सा पदाधिकारियों को जनकल्याण को सर्वोपरि रखने का सुझाव दिया।बरहेट प्रखंड कार्यालय परिसर में निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम एवं पुस्तकालय का निरीक्षण करते हुए उन्होंने गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
सिंगा में मध्यम सिंचाई योजना के तहत चल रहे सुधारात्मक कार्यों का निरीक्षण कर उन्होंने जल प्रबंधन और किसानों की सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ बनाने हेतु तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया।
गोपलाडीह में नव-निर्मित आयुष्मान भवन का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जल्द कार्य पूर्ण कर स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द करने को कहा दिनभर के निरीक्षण उपरांत प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने सभी विभागीय कर्मियों एवं योजनाओं से जुड़े अधिकारियों के साथ 15वें वित्त आयोग की योजनाएं, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र निर्गमन प्रणाली, पोषण ट्रैकर, महिला समूहों की आयवर्धन गतिविधियाँ एवं रोजगार सेवकों के कार्यों की समीक्षा कीऔर उन्होंने कहा कि ह्लसरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को पारदर्शिता, समयबद्धता व जनसंवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## नए रूट लाइन में श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाए : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** राजकीय श्रावणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर बासुकीनाथ स्थित सभागार में शनिवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।
उपायुक्त ने निर्देश दिया कि नए रूट लाइन में श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। पेयजल की समुचित व्यवस्था रुट लाइन में रहे।सभी आवासन केंद्रों में पर्याप्त रोशनी, पंखा, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहे।
बैठक में बताया गया कि अब तक 150 शौचालयों का निर्माण पूरा हो चुका है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शेष निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवासन केंद्र, शौचालय, प्रवेश-निकास मार्ग, रूट एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित साइनबोर्ड (ग्र्लॉ) प्रमुख स्थलों पर लगाए जाएं।
उपायुक्त ने संस्कार मंडप क्यू कॉम्पलेक्स के कार्य को शीघ्रता से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया।कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए पूरे मेला क्षेत्र एवं आवासन केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही मेला क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं एलईडी स्क्रीन की स्थापना की जाएगी, जिससे जरूरी सूचनाएं एक केंद्र से प्रसारित की जा सकें। मंदिर परिसर की विद्युत वायरिंग, एसी एवं अन्य उपकरणों की सुरक्षा जांच सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।कहा कि मेला क्षेत्र, पहुँच पथ एवं पार्किंग स्थलों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।
शिवगंगा की साफ-सफाई, एनडीआरएफ की प्रतिनियुक्ति तथा अग्निशमन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। मेला के दौरान छोटे गैस सिलेंडरों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था के साथ पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाएगी।
उपायुक्त ने निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मियों की तैनाती हो तथा जगह-जगह डस्टबिन रखे जाएं। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि श्रावणी मेला 2025 की सभी तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण हो सकें।
बैठक में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने एवं किसी भी कमी को समय रहते दूर करने का निर्देश दिया।
बैठक से पूर्व उपायुक्त ने पूरे मेला क्षेत्र एवं रूट लाइन का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। शिवगंगा की सफाई एवं उसमें जल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष निर्देश दिए गए।
बैठक में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी,सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

### प्रशस्ति पत्र आपके जीवन में मील का पत्थर साबित होगा: बीडीओ



**सोनारायठाढ़ी :** प्रखंड के सभागार कक्ष में शनिवार को प्रमुख पुनम देवी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में बीडीओ नीलम कुमारी, बीईईओ अमिताभ झा, सासंद प्रतिनिधि रामनारायण राय, प्रमुख पुनम देवी, जिला परिषद् सदस्य राजीव कुमार ने सामुहिक रूप से मैट्रिक, इंटर के तीन-तीन छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया वहीं पल्स टू विद्यालय सोनारायठाढ़ी के प्रधनाध्यापक सुजीत कुमार दूबे व उच्च विद्यालय मधुबन के प्रधानाध्यापक डालो दास को शॉल उठा कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सासंद प्रतिनिधि रामनारायण राय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत और एकाग्रता ही सफलता की कुंजी है। बच्चे पुस्तक से दोस्ती करे ना कि मोबाइल से, क्योंकि पुस्तक से बडा दोस्त कोई नही होता तभी सफलता आपकी कदम चुमेगी। बीडीओ नीलम कुमारी ने कहा कि आपको दिए गए यह प्रशस्ति पत्र आपके जीवन के लिए मील का पत्थर साबित होगा. वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अमिताभ झा ने कहा कि यह प्रशस्ति पत्र एक कागज का टुकडा नही है बल्कि आपके मेहनत व लग्न का एक बेहतरीन निशानी है। जो आपके जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरणा दायक बनेगा। आगे उन्होने कहा कि बच्चों के सहयोग के लिए जल्द एक ग्रुप बनाया जायेगा। जिसमें प्रशनों का हल ग्रुप के माध्यम से कर सकेंगे चुंकि पल्स टू विद्यालय को छोड कर तकरीबन सभी मध्य व प्राथमिक विद्यालयों में विशयवार शिक्षकों की कमी है किन्तू वह ग्रुप उनके लिए बरदान साबित होगी। आगे प्रमुख पुनम देवी, उपप्रमुख हेमंती देवी, जिला परिषद् सदस्य राजीव कुमार ने बच्चों को सम्बोधित किया।

## नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूकता अभियान कार्यक्रम



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंड़रो :** झारखंड सरकार के द्वारा मादक पदार्थ के पूर्णतः रोक को लेकर संकल्पित झारखंड सरकार के तहत प्रखंड के फॉसिल पार्क में जिला पर्यटन विशेषज्ञ गौरव प्रियदर्शनी के नेतृत्व में नशा मुक्ति को लेकर एक जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं फॉसिल पार्क मे जिला पर्यटन विशेषज्ञ गौरव प्रदर्शनी ने उपस्थित लोगों को बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है, कि यहां के स्थानीय लोगों को नशा से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में बताया की जिस व्यक्ति को नशा का लत लग जाता है।उस घर के परिवार में कलह होना शुरू हो जाता है। वहीं उस घर मे कभी-कभी ऐसा हो जाता है,कि नशे की हालत में अपने पारिवारिक सदस्यों को मरने मारने का नौबत आ जाता है।जबकि नशा के शिकार व्यक्ति शारीरिक और मानसिक स्थिति बिगड़ने लगता है,और वो आर्थिक रूप से से भी कमजोर हो जाता है और बोले की ₹नशा का जो हुआ शिकार उजड़ा उसका घर परिवार₹ वहीं फॉसिल्स पार्क के कर्मियों ने खुद भी शपथ लिए और फॉसिल पार्क के आसपास मे रहने वाले स्थानीय युवाओं को भी शपथ दिलाए की ना तो हमलोग खुद नाश का सेवन करेंगे और ना ही दूसरों को भी नशा करने के लिए प्रेरित करेंगे।मौके पर जिला पर्यटन विशेषज्ञ गौरव प्रियदर्शनी,कुंदन कुमार समीम खान,डोमन शाह,समीर अली,मुख्तार आलम, राजेश ठाकुर,नारायण,मनोज हाँसदा राजेश मालतो, राजेश सोरेन,जफिर, सुलेमान पहाड़िया, सत्यनारायण हरिजन, पूजा देवी,सुनील हाँसदा सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### डीडीसी के रूप में अनिकेत सचान ने किया पदभार ग्रहण



दुमका : समाहरणालय स्थित उप विकास आयुक्त के कार्यालय कक्ष में शनिवार कोनिवर्तमान उप विकास आयुक्त रवि जैन से नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने पदभार ग्रहण किया। जिले के बहुमुखी विकास में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी, ताकि लोगों तक सुगमतापूर्वक सुविधाएं पहुंच सके।पदभार ग्रहण करने के पश्चात उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने कहा कि वे जिले का बहुमुखी विकास करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। जिले में विकास की सभी योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। इस दौरान जिला ग्रामीण विकास शाखा के सभी पदाधिकारियों, कर्मचारियों और जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त किया।

## योग करने से शरीर मे एक नई शक्ति का संचार होता है : महेन्द्र राजहंस




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**दुमका :** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार को डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका (प्लस टू जिला स्कूल, दुमका) के लगभग 800 छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने शनिवार को योग प्रशिक्षक प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस के सानिध्य में योग किया। योग प्रशिक्षक प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम,भ्रामरी आदि प्राणयाम एवं ताड़ासन, वज्रासन, शवासन, भुजंगासन, सवार्गासन, सुखासन एवं सूर्य नमस्कार का विधिवत अभ्यास कराया एवं उनके लाभों को बताया। योग के बारे में चर्चा करते हुए प्रभारी प्राचार्य सह योग प्रशिक्षक महेन्द्र राजहंस ने कहा कि सभी लोग योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। कहा कि योग करने से तन मन दोनों स्वस्थ एवं चुस्त दुरुस्त रहता है। योग करने से शरीर मे एक नई शक्ति का संचार होता है।कहा कि योग करने से कार्य क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे राष्ट्र का उत्थान होता है। कहा कि अपनी शारिरिक क्षमता के अनुसार ही आसन एवं प्राणयाम करनी चाहिए। श्री राजहंस ने कहा कि 21 जून को ही सिर्फ योग न करे बल्कि समाज मे योग के लिए जागरूकता भी फैलाए। प्रभारी प्राचार्य श्री राजहंस ने कहा कि हमसभी सौभाग्यशाली हैं कि हमारे पूर्वज ऋषि मुनी योग पद्धति का जनक रहे हैं। आज पूरा विश्व योग को अपना कर भारतीय जीवन पद्धति को स्वीकार रहा है।मौके पर उपस्थित पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा ने योग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग की महिमा को स्वीकार करते हुए यूनेस्को ने वर्ष 2016 में योग को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में मान्यता दी। डॉ0 दिलीप ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए भारतीय योग पद्धति को अपनाना अतिआवश्यक है।कहा कि योग करने से शारिरिक स्वस्थता के साथ बौद्धिक विकास भी होता है। अतः शिक्षार्थियों को सुबह सुबह योग अवश्य करनी चाहिए । मौके पर उपस्थित पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा,पूर्व प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार, इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान, परीक्षा नियंत्रक निवास रजक, शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह, स्नेहलता मराण्डी, राजीव कुमार गुप्ता, रूपेश कुमार झा, संजय कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार,रामप्रसाद यादव, पार्थ प्रतिम कुंडू,लक्खी टुडू, अर्चना कुमारी,विद्यासुन्दर नन्दी, शिवराम सिमोन टुडू, प्रकाश कुमार घोष, सुशीला किस्कू, अनन्या बनर्जी, दिलीप कुमार, अंजू एलिना किस्कू, राजेश कुमार साह,पवन कुमार, अशोक कुमार,आरिफ इकबाल,सपना हेम्ब्रम,हीरा लाल बेसरा,माधवी लता, प्रिया हेम्ब्रम एवं रिशू स्मिता टुडू के अलावे विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग का अभ्यास कर जीवन मे स्वंय योग को अपना कर समाज को भी योग को अपनाने के लिए जागरूक करने का शपथ लिया।

# रश्मिका ने बताया कुबेर की शूटिंग से जुड़ा अनुभव



## 'मां' से तीन साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी को तैयार काजोल

काजोल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मां' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। अभिनेत्री अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अभिनेता अजय देवगन बतौर प्रोड्यूसर जुड़े हुए हैं। हालांकि, अजय देवगन और काजोल कई फिल्मों में एक साथ भी नजर आ चुके हैं। अब काजोल ने अजय देवगन के बतौर प्रोड्यूसर काम करने के तरीके को लेकर बात की और बताया कि एक प्रोड्यूसर के तौर पर अजय कैसे हैं।

### अनुभवी प्रोड्यूसर हैं अजय

एएनआई के साथ बातचीत में काजोल ने अजय के फिल्म 'मां' के प्रोड्यूसर होने को लेकर बात की। काजोल ने कहा, अजय एक बहुत ही अनुभवी प्रोड्यूसर हैं। स्क्रिप्ट से लेकर म्यूजिक और वीएफएक्स तक उन्होंने इस फिल्म के हर हिस्से पर बहुत ध्यान दिया है। मुझे लगता है कि वीएफएक्स फिल्म का एक बहुत बड़ा हिस्सा है। अजय भी कहते हैं कि वीएफएक्स की शूटिंग एक अलग खेल है। इसलिए उन्होंने बहुत सारी जानकारी दी है।

### 'मैंने नहीं सोचा था कभी हॉरर फिल्म करूंगी'

आगामी फिल्म 'मां' को लेकर बात करते हुए काजोल ने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक हॉरर फिल्म करूंगी, लेकिन अब हम यहां हैं। मुझे इस फिल्म पर बेहद गर्व है। स्क्रिप्ट काफी अच्छी है। मैं पौराणिक कथाओं की बहुत बड़ी शौकीन हूं। मुझे हमारी भारतीय पौराणिक कथाएं बहुत पसंद हैं। हमारे पास बहुत सारी कहानियां हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि यह मेरी पसंदीदा कहानियों में से एक है। मैं बहुत आभारी हूं कि मैंने यह फिल्म की है। मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छी फिल्म बनाई है। बाकी अब दर्शक बताएंगे। लेकिन मां की कसम, हमने अच्छी फिल्म बनाई है।

### बड़े पर्दे पर अपनी वापसी से उत्साहित हैं काजोल

मां के जरिए काजोल तीन साल के अंतराल के बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। सिनेमाघरों में उनकी आखिरी रिलीज फिल्म सलाम वेंकी थी। अपने बड़े पर्दे पर वापसी को लेकर काजोल ने कहा कि मैं बहुत उत्साहित हूं। मेरी फिल्म लंबे समय के बाद सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है और मैं इसे लेकर बेहद खुश हूं। हर अभिनेता को समय के साथ खुद को फिर से तलाशना पड़ता है।

27 जून को रिलीज होगी फिल्म

विशाल फुरिया द्वारा निर्देशित 'मां' को जियो स्टूडियोज के साथ मिलकर अजय देवगन ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' से जोड़कर देखा जा रहा है। 'मां' 27 जून को सिनेमाघरों में आ रही है।



धनुष स्टारर फिल्म 'कुबेर' का आज सॉन्ग लॉन्च इवेंट हुआ। इस दौरान फिल्म के सितारे पहली बार मुंबई में एक साथ नजर आए। इस खास मौके पर नागार्जुन अक्किनेनी, धनुष, रश्मिका मंदाना, जिम सरभ और दलीप ताहिल जैसे दिग्गज एक्टर्स ने शिरकत की। शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित और सह-लिखित 'कुबेर' एक सोशल थ्रिलर है। इस दौरान अभिनेत्री रश्मिका मंदाना से फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया।

### रश्मिका ने बताया क्यों किया फिल्म को हां

रश्मिका मंदाना ने डायरेक्टर शेखर कम्मुला और को-स्टार धनुष के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि मैं शेखर सर और धनुष के साथ काम करना चाहती थी। यही वजह थी कि मैंने इस फिल्म के लिए हां कह दी।

### मैंने कभी नहीं निभाया ऐसा किरदार

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए रश्मिका ने कहा, कभी आपको गीतांजलि (फिल्म एनिमल का किरदार) बनना होता है, तो कभी शिवल्ली (फिल्म पुष्पा का किरदार) और कभी यह किरदार। यकीनन मैंने ऐसा रोल पहले कभी नहीं किया। मैं पूरी तरह से डायरेक्टर के हवाले हो गई और यही खूबसूरती है। हर डायरेक्टर का अपना अंदाज होता है, इसीलिए मुझे इतने दिलचस्प और अलग-अलग किरदार निभाने को मिलते हैं। मैं इसके लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी।

### डंपयार्ड में 6 घंटे की शूटिंग का अनुभव किया शेयर

रश्मिका ने फिल्म के सबसे चैलेंजिंग मोमेंट के बारे में बताते हुए कहा, एक्टर के तौर पर मेरे लिए सबसे यादगार अनुभव था डंपयार्ड (कचरे के ढेर) में 6 घंटे तक शूटिंग करना। यह हमें वापस अपनी जड़ों से जोड़ता है और एक आई-ओपनर भी था। शेखर सर रियल लोकेशन्स पर शूट करना पसंद करते हैं। कैमरा पकड़कर भागते हुए शॉट्स लेते हैं। हम तो मॉनिटर तक नहीं देख पाते थे, लेकिन उनका मास्टरपीस देखने लायक होगा।

### हार्टब्रेक पर एक नया नजरिया दिखाता है ये गाना

रश्मिका ने फिल्म के नए गाने के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, आमतौर पर हार्टब्रेक के गानों में हम लड़के के दर्द को देखते हैं, लेकिन यह गाना एक लड़की के नजरिए से है। यह दुख भरा जरूर है, लेकिन इसे एक फन वाले अंदाज में पेश किया गया है।

### 'मैं अभी सीख रही हूं'

जब उनसे नंबर वन एक्ट्रेस कहलाने के प्रेशर के बारे में पूछा गया, तो रश्मिका ने विनम्रता से जवाब दिया, मुझे लगता है कि मैंने अभी शुरुआत की है। मैं तो बस यह जानती हूं कि मैं अभी लर्निंग फेज में हूं। मैं साउथ, बॉलीवुड, हर जगह काम कर रही हूं और अभी बहुत कुछ सीखना बाकी है।

### नागार्जुन सर से तारीफ सुनना खास है

रश्मिका ने अपने को-स्टार्स नागार्जुन और धनुष के लिए खास शब्द कहे। नागार्जुन के साथ दूसरी बार काम करने पर उन्होंने कहा, मुझे नाग सर के साथ काम करना बेहद पसंद है। यह मेरा उनके साथ दूसरा प्रोजेक्ट है। वो बिना किसी मेहनत के इतना बेहतरीन परफॉर्म करते हैं कि मैं हैरान रह जाती हूं। उन्होंने फिल्म देखी और मेरे किरदार की तारीफ की - यह मेरे लिए बहुत खास पल था।

### धनुष असल में कुबेर हैं

धनुष के बारे में बात करते हुए रश्मिका ने कहा कि धनुष सर जो भी करते हैं, बड़ी आसानी से करते हैं। वह असल में कुबेर हैं। हमें उनके 10% जितना बनने के लिए भी बहुत मेहनत करनी पड़ती है।





## आलिया भट्ट और शरवरी ने शुरू की 'अल्फा' की तैयारी

बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्री आलिया भट्ट और शरवरी वाघ अपनी अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' के एक भव्य गाने की शूटिंग की तैयारी में जुट गई हैं। यश राज फिल्म्स ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म 'अल्फा' के लिए एक भव्य प्रोमोशनल गाने की तैयारी शुरू कर दी है। आलिया और शरवरी इस गाने में एकदम नए और अनोखे अंदाज में दिखेंगी। इस गाने में दोनों धमाकेदार डांस करती नजर आएंगी।

सूत्रों के अनुसार, दोनों पिछले दो महीने से मुंबई के वाईआरएफ स्टूडियो में इस गाने की तैयारी कर रही हैं। वे अपने डांस स्टेप्स को परफेक्ट करने और गाने के लिए जरूरी फिजिकल लुक हासिल करने में जुटी हैं। शरवरी ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से 'अल्फा' में आलिया के साथ काम करने के बारे में बात की। उन्होंने कहा, आलिया एक शानदार अभिनेत्री और इंसान हैं। उनके साथ सेट पर हर दिन एक मास्टरक्लास जैसा था। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा और इसे अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स में लागू करूंगी। शरवरी ने आलिया के साथ काम करने को एक परिवर्तनकारी अनुभव बताया।

'अल्फा' एक महिला-प्रधान एक्शन फिल्म है, जो आलिया भट्ट को यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स में शामिल करती है। यह पहली बार है जब इस यूनिवर्स में किसी महिला सुपरस्टार के इर्द-गिर्द फिल्म बनाई जा रही है। 'अल्फा' का निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं, जिसमें शरवरी वाघ और आलिया भट्ट मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'अल्फा' क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'अल्फा' यश राज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म होगी। इस यूनिवर्स की शुरुआत सलमान खान और कैटरीना कैफ की 'टाइगर' सीरीज ('एक था टाइगर' और 'टाइगर जिंदा है') से हुई थी। इसके बाद 'वॉर', 'पठान' और 'टाइगर 3' आई। इस यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्मों में 'वॉर 2', 'पठान 2' और 'टाइगर वर्सेज पठान' भी शामिल हैं।

## हिट की तलाश में सोनाक्षी सिन्हा क्या 'निकिता रॉय' बदलेगी किस्मत?

**सोनाक्षी सिन्हा एक बार फिर 'निकिता रॉय' के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। सोनाक्षी शादी के बाद पहली बार किसी फिल्म में नजर आएंगी। यह सस्पेंस थ्रिलर फिल्म सोनाक्षी सिन्हा के लिए काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि सोनाक्षी सिन्हा को एक बड़ी हिट की जरूरत है। सोनाक्षी के करियर को देखें तो उसमें फ्लॉप की कतार काफी लंबी है। ऐसे में 'निकिता रॉय' सोनाक्षी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।**

### काकुड़ा

पिछले साल 2024 में सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'काकुड़ा' में नजर आई थीं। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म में सोनाक्षी के साथ रितेश देशमुख और साकिब सलीम प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। ओटीटी पर रिलीज होने के बाद भी इस फिल्म को ज्यादा पसंद नहीं किया गया था।

### बड़े मियां छोटे मियां

सोनाक्षी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की एक्शन पैक्ड फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आई थीं। काफी हाइप और अक्षय व टाइगर जैसे दो एक्शन हीरो होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई।

### डबल एक्स एल

बॉडी शेमिंग जैसे मुद्दे को उठाती इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में सोनाक्षी के साथ हुमा कुरैशी प्रमुख भूमिका में थीं। ये फिल्म कब आई और कब चली गई पता भी नहीं चला।

### भुज : द प्राइड ऑफ इंडिया

2021 में अजय देवगन देशभक्ति से भरपूर फिल्म 'भुज : द प्राइड ऑफ इंडिया' लेकर आए थे। फिल्म की कहानी 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भुज एयरबेस पर हुए हमले को दिखाती है। अजय देवगन और संजय दत्त जैसे सितारे होने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी। फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा भी प्रमुख भूमिका में थीं।

### दंबग 3

सोनाक्षी सिन्हा ने 2010 में सलमान खान की फिल्म 'दबंग' से बॉलीवुड में एंट्री की थी। इसके बाद सोनाक्षी इस फिल्म के बाकी दो पार्ट 'दबंग 2' और 'दबंग 3' में भी नजर आईं। 2019 में आई 'दबंग 3' बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थी।

### वेब सीरीज में आजमाई किस्मत

इस दौरान सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी पर वेब सीरीज में भी नजर आईं। पिछले साल वो संजय लीला भंसाली की 'हीरामंडी' में निगेटिव रोल में नजर आई थीं। इसे क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। तो वहीं 2023 में सोनाक्षी ने मर्डर मिस्ट्री क्राइम-थ्रिलर में एक पुलिसकर्मी के रोल में दिखी थीं। इस किरदार के लिए सोनाक्षी की काफी तारीफ भी हुई थी।



## लीड्स टेस्ट: इंग्लैंड की ठोस शुरूआत, ओली पोप का शतक, भारत को बुमराह ने दिलाई बढ़त

- दूसरे दिन का खेल खत्म, इंग्लैंड 209/3, अब भी 262 रन पीछे

एजेंसी

**लीड्स :** भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत द्वारा पहली पारी में बनाए गए 471 रन के जवाब में इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट पर 209 रन बना लिए हैं। मेजबान टीम अभी भी भारत से 262 रन पीछे है। इंग्लैंड की शुरूआत धीमी रही और उसे पहला झटका केवल 4 रन के स्कोर पर लग गया, जब जैक क्रॉली को जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद बेन डकेट (62) और ओली पोप (100*) ने टीम को संभालते हुए दूसरी विकेट के लिए अहम साझेदारी की। जो रूट ने 28 रनों का योगदान दिया, लेकिन वह भी बुमराह का शिकार बने। दिन का खेल खत्म होने तक ओली पोप 100 रन बनाकर नाबाद हैं, जबकि हैरी ब्रूक बिना खाता खोले क्रीज पर मौजूद हैं। भारत की ओर से अब तक जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीनों विकेट अपने नाम किए हैं। इससे पहले भारत ने दिन की शुरूआत 359/3 के स्कोर से की थी और अपनी पहली पारी में 471 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरे दिन ऋषभ पंत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 134 रनों की शतकीय पारी खेली, जबकि शुभमन गिल ने 147 रन बनाए। हालांकि निचला क्रम कुछ खास नहीं कर सका और भारत ने जल्दी-जल्दी अपने बचे हुए विकेट गंवा दिए।

इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स और जोश टंग ने सबसे प्रभावशाली गेंदबाजी की और चार-चार विकेट लिए। ब्रेंडन कार्स और शोएब बशीर को एक-एक सफलता मिली।




## नॉटिंघम फॉरेस्ट ने मैनेजर नूनो एस्पिरिटो सैंटो का करार 2028 तक बढ़ाया

**नॉटिंघम :** प्रीमियर लीग क्लब नॉटिंघम फॉरेस्ट ने अपने मैनेजर नूनो एस्पिरिटो सैंटो का अनुबंध तीन साल के लिए बढ़ा दिया है। अब नूनो 2028 तक क्लब के साथ जुड़े रहेंगे। यह निर्णय आगामी 2025/26 सीजन से पहले लिया गया है। 51 वर्षीय नूनो ने पिछले सीजन में फॉरेस्ट को प्रीमियर लीग में सातवें स्थान पर पहुंचाया और क्लब को 1995/96 सीजन के बाद पहली बार यूरोपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कराया। क्लब द्वारा जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, श्नॉटिंघम फॉरेस्ट यह घोषणा करते हुए प्रसन्न है कि नूनो एस्पिरिटो सैंटो ने क्लब के साथ एक नया तीन वर्षीय अनुबंध साइन किया है। क्लब के मालिक एवेंजेलोस मरिनाकिस ने उन्हें यह अनुबंध सौंपा है। पिछले सीजन में फॉरेस्ट ने लंबे समय बाद लिवरपूल (55 साल) और मैनचेस्टर यूनाइटेड (30 साल) के खिलाफ उनकी जमीन पर जीत दर्ज की थी। इसके अलावा, क्लब एफए कप के सेमीफाइनल तक भी पहुंचा, हालांकि उन्हें मैनचेस्टर सिटी से हार का सामना करना पड़ा। नूनो के नेतृत्व में टीम ने 1967 के बाद से अपनी सबसे लंबी टॉप-फ्लाइट जीत श्रृंखला भी हासिल की। उनकी शानदार रणनीति और प्रदर्शन के लिए उन्हें अक्टूबर, दिसंबर और मार्च में प्रीमियर लीग मैनेजर ऑफ द मंथ का पुरस्कार भी मिला- जो कि किसी भी अन्य मैनेजर से अधिक था। अपने अनुबंध विस्तार को लेकर नूनो ने कहा, श्मैं इस शानदार फुटबॉल क्लब के साथ अपनी यात्रा जारी रखने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। जब से हम फॉरेस्ट आए हैं, हमने खिलाड़ियों, प्रशंसकों और क्लब के बीच एक खास रिश्ता बनाने की पूरी कोशिश की है, जिसने हमें पिछले सीजन में बड़े लक्ष्य हासिल करने में मदद की। उन्होंने कहा, श्मैं क्लब के मालिक मरिनाकिस का उनके निरंतर समर्थन और भरोसे के लिए आभार व्यक्त करता हूं। हमारे बीच मजबूत और सकारात्मक संबंध है और हम एक साझा लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं। अब समय है और भी कड़ी मेहनत करने का, ताकि हम मिलकर और यादगार पल रच सकें। क्लब के मालिक एवेंजेलोस मरिनाकिस ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा, श्नूनो ने अपने समय में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने खिलाड़ियों की क्षमता को निखारते हुए युवा प्रतिभाओं को भी पहली टीम में शामिल किया है। हमारा रिश्ता मजबूत है और हम दोनों एक ही सपना साझा करते हैं- नॉटिंघम फॉरेस्ट के लिए नई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करना, प्रीमियर लीग और यूरोपीय प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करना और ट्रॉफियां जीतना।



# राजस्थान में बारिश का सिलसिला जारी, आज 26 जिलों में अलर्ट, कई क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित

एजेंसी



**जयपुर :** राजस्थान में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम केंद्र जयपुर ने रविवार को भरतपुर, धौलपुर, करौली और सवाई माधोपुर जिलों में बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 26 अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। अब तक राज्य में सामान्य से 109 प्रतिशत अधिक बारिश हो चुकी है। शनिवार को जयपुर, पाली, भीलवाड़ा, जोधपुर, अजमेर, बांसवाड़ा, सीकर, भरतपुर, जालोर, सिरोही, राजसमंद सहित कई जिलों में भारी बारिश हुई। भीलवाड़ा में शनिवार सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक 175 मिमी (7 इंच) बारिश दर्ज की गई। मांडलगढ़ स्थित गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के पास एक झरना बहने लगा, जो क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया। पानी की तेज धारा से पाली में एक मकान की बालकनी पर पेड़ गिरने की घटना हुई। जोधपुर में भारी बारिश के कारण एक पुलिया के रपट पर पानी जमा हो गया, जिससे एक प्लाईवुड कारोबारी की कार फिसलकर नाले में गिर गई, जिसमें तीन लोगों की दुखद मौत हो गई। पिछले 24 घंटों में पाली, राजसमंद, भीलवाड़ा, अजमेर और जोधपुर में जोरदार बारिश हुई। पाली के रानी और मारवाड़ जंक्शन क्षेत्र में 68 मिमी बारिश दर्ज की गई। जोधपुर के बालेसर में 77 मिमी से अधिक बारिश हुई, वहीं भोपालगढ़, बावड़ी, ओसियां और तिंवरी में भी मूसलधार बारिश हुई। अजमेर के सरवाड़ा और केकड़ी क्षेत्रों में भी भारी बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। सरवाड़ा में 52 मिमी बारिश और केकड़ी में 30 मिमी पानी बरसा। राजसमंद के आमेट में 79 मिमी और कुंभलगढ़ में 1 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। भीलवाड़ा में फिर जोरदार बारिश हुई। मांडलगढ़ किले से लगभग 2 किलोमीटर दूर खाचरोल पंचायत क्षेत्र में गुप्तेश्वर महादेव मंदिर के पास एक नया झरना बहने लगा, जिससे इलाके के किसान फसल के लिए खुश नजर आए। मांडलगढ़ में शनिवार शाम 5 बजे तक 5 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। खाचरोल, होड़ा, त्रिवेणी खटवाड़ा और जोजवा क्षेत्र के किसानों ने इसे फसलों के लिए शुभ संकेत बताया। इसके अलावा, बूंदी का प्रसिद्ध भीमलत झरना इन दिनों अपनी पूरी सुंदरता के साथ पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। झरने से गिरती धाराओं और आसपास की हरियाली के बीच झरने का जल स्तर बढ़ने से दृश्य और भी आकर्षक हो गया है।

### उप्र के प्रयागराज समेत 29 जनपदों में अचानक तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज समेत 29 जनपदों में अचानक तेज हवाओं एवं मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है। यह संभावना जताते हुए उत्तर प्रदेश के मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। बारिश के दौरान कहीं–कहीं आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। रविवार सुबह लगभग 8 बजे से ?हल्की से मध्यम वर्षा हो रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ के रविवार सुबह जारी अलर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, जौनपुर, प्रतापगढ़,चित्रकूट, महोबा,बांदा, ,हमीरपुर,फतेहपुर,जालौन,राय बरेली, अमेठी, कानपुर नगर,ललितपुर,झॉसी,इटावा, कासगंज,सुल्तानपुर,कानपुर देहात, उन्नाव, औरैया, अलीगढ़,बदायूं, बुलंदशहर, संभल, बिजनौर, मुजफ्फरनगर,शामली, सहारनपुर में मेघगर्जन, हल्की से मध्यम वर्षा और कहीं कहीं आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इसके साथ ही साथ अचानक 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से हवाएं चलने की भी संभावना है।

अमेरिका ने ईरानी परमाणु केंद्रों पर बरसाए बम, ट्रंप ने कहा-

# ईरान को अब शांति स्थापित करनी चाहिए

एजेंसी



**वॉशिंगटन :** इजराइल और ईरान सैन्य संघर्ष में अमेरिका की भी एंट्री हो गई है। अमेरिका ने ईरान के तीन न्यूक्लियर साइट फोर्डो, नतांज और एस्फहान पर हमला कर उसे तबाह करने का दावा किया है। यह हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सैन्य अभियान को लेकर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान को अब शांति स्थापित करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो भविष्य में हमले कहीं अधिक बड़े होंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने एक्स पोस्ट में ईरान के खिलाफ चलाए गए अमेरिकी सैन्य अभियान की जानकारी देते हुए लिखा कि अमेरिका ने ईरान के जिन तीन न्यूक्लियर साइट को निशाना बनाया है वो फोर्डो, नतांज और एस्फहान में हैं। ट्रंप ने लिखा, 'हमने इन साइट्स पर एक साथ कई बम गिराए हैं। हमारे सभी लड़ाकू विमान सुरक्षित रूप से अमेरिका लौट आए हैं। मैं अमेरिका के जाबाजों को बधाई देता हूं। दुनिया में ऐसी दूसरी कोई सेना नहीं है जो यह कर सके।'

ट्रंप ने ईरान के तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाकर चलाए गए सैन्य अभियान को लेकर राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका ने ईरान पर बड़ा हमला किया है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने बहुत कोशिश की कि ऐसा कदम न उठाना पड़े, लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं था और अब ईरान को शांति के रास्ते पर लौटना चाहिए। ईरान के पास अब भी शांति के रास्ते पर लौटने का समय है, उसे यह युद्ध खत्त करना होगा। अगर ईरान ने पलटवार किया तो हम भी हमला करेंगे। शांति नहीं तो विनाश होगा। अभी सभी लक्ष्यों पर हमले नहीं किए गए हैं। हम ईरान के परमाणु संयंत्रों को पूरी तरह नष्ट कर देंगे।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम धमाका, 2 सुरक्षाकर्मियों की मौत, 4 घायल

✔ आईईडी धमाके में हुआ हमला, इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के कालात जिले में शनिवार को हुए एक बम विस्फोट में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एक सुरक्षा अधिकारी ने दी। घटना कालात जिले के मांगोचर क्षेत्र के ग्रामीण जोबान इलाके में उस समय हुई, जब सुरक्षा बलों का एक वाहन गश्त कर रहा था। तभी सड़क किनारे छिपाए गए एक विस्फोटक उपकरण (आईईडी) को अज्ञात हमलावरों ने रिमोट से उड़ा दिया।

घटना के बाद सुरक्षा बलों और बचाव दलों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों और मृतकों को निकटवर्ती अस्पताल पहुंचाया।

फिलहाल किसी भी आतंकी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। धमाके के बाद इलाके को घेर लिया गया है और तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, तलाशी अभियान के दौरान गोलीबारी की भी खबर है, हालांकि इस संबंध में अभी और जानकारी नहीं है।

## मध्य प्रदेश में मानसून सक्रिय, आज ग्वालियर चंबल समेत 17 जिलों में बारिश का अलर्ट

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के सभी जिलों में मानसून सक्रिय हो गया है। शनिवार को प्रदेश के 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज रविवार को भी ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग के 17 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन-जबलपुर में भी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के ऊपर से एक लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) गुजर रहा है। वहीं, पश्चिमी हिस्से से टर्फ की एक्टिविटी है। ये दोनों ही सिस्टम स्ट्रॉन्ग है। इस वजह से पूर्वी और उत्तरी हिस्से में अति भारी या भारी बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन और टर्फ भी सक्रिय है, जो पूरे प्रदेश में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश करा रहे हैं।

रविवार को ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी और पन्ना में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। भिंड, दतिया, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, सतना, रीवा, मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में आंधी और बारिश का दौर जारी रहेगा।

इससे पहले शनिवार को सीधी में 2 इंच बारिश हुई। वहीं, रतलाम में सवा इंच से ज्यादा पानी गिरा। सतना में पौन इंच, रीवा-खजुराहो में आधा इंच से ज्यादा बारिश हुई। इसके अलावा भोपाल, धार, गुना, ग्वालियर, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, मंडला, नौगांव, सागर, उमरिया, बालाघाट में भी बारिश दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो शनिवार को ग्वालियर का अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा दर्ज किया गया। यहां पारा 33 डिग्री दर्ज हुआ. इसके अलावा भोपाल का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री, उज्जैन का 31.5 डिग्री, जबलपुर का 31.3 डिग्री और इंदौर का 28.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

# श्रीरामपुर : तृणमूल में शामिल हुए विभिन्न पार्टियों के सैकड़ों कार्यकर्ता

एजेंसी



**हुगली :** तृणमूल कांग्रेस के शहीद दिवस की प्रस्तुति सभा के दौरान हुगली जिले के श्रीरामपुर नगरपालिका के 24 नंबर वार्ड के ग्वालापाड़ा इलाके में शनिवार शाम भाजपा, माकपा और कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकताओं ने तृणमूल कांग्रेस का झंडा थाम लिया। श्रीरामपुर शहर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष(पप्पू) सिंह के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीरामपुर के सांसद कल्याण बनर्जी ने नवागतों को पार्टी का झंडा देकर स्वागत किया। इस मौके पर श्रीरामपुर के विधायक डा सुदीप्तो राय, श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, रिषड़ा नगरपालिका के चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान, श्रीरामपुर नगरपालिका की सीआईसी तीयशा मुखर्जी, स्थानीय पार्षद अकबर अली समेत बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। श्रीरामपुर के विधायक डॉ सुदीप्तो राय ने माकपा शासन के दौरान हुए अत्याचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के हाथ में सत्ता आने के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में श्रीरामपुर के काफी विकास हुआ है। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में 21 जुलाई को कोलकाता में शहीद दिवस की सभा में शामिल होने की अपील की। वहीं, सांसद कल्याण बनर्जी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहलगाम में चार आतंकी आए और हमारे लोगों को मारकर चले गए। तृणमूल सांसद ने पूछा कि सरकार की सुरक्षा एजेंसियां उस समय क्या कर रही थीं। इसके अलावा कल्याण बनर्जी ने पाकिस्तान के साथ हुए सीज फायर पर सवाल उठाते हुए पूछा कि पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जा किए बगैर सीज फायर की घोषणा सरकार ने क्यों की। पाकिस्तान के साथ हुए सीज फायर पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता के बारे में तृणमूल सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्रंप द्वारा अमेरिका की मध्यस्थता के कारण भारत पाकिस्तान के बीच हुए सीज फायर के दावों का अभी तक आधिकारिक रूप से खंडन क्यों नहीं किया। कल्याण बनर्जी ने अंग्रेजी भाषा पर हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए बयान की भी आलोचना की। इसके साथ ही महिलाओं से अपने पैर पर खड़ा होने की अपील करते हुए तृणमूल सांसद ने 21 जुलाई को कोलकाता में आयोजित होने वाले शहीद दिवस की सभा को सफल बनाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1993 में 21 जुलाई को ममता बनर्जी के राइटर्स बिल्डिंग अभियान के दौरान तत्कालीन माकपा सरकार ने तृणमूल कांग्रेस कार्यकताओं पर गोलीबारी करवाई थी जिसमें 13 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी। इसके बाद से प्रत्येक वर्ष तृणमूल कांग्रेस कोलकाता के धर्मातला में 21 जुलाई को शहीद दिवस का आयोजन करती है।

# रथयात्रा के लिए दिघा में विशेष सुरक्षा व्यवस्था लगाए जाएंगे ड्रोन, सीसीटीवी और वॉच टावर

एजेंसी



**कोलकाता :** इस बार दिघा के नए जगन्नाथ मंदिर से पहली बार निकलने वाली रथयात्रा के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रशासन को लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ की उम्मीद है, जिनमें विदेशी भक्त भी शामिल हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भी रथयात्रा के दिन मौजूद रहने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन के विशेष उपाय किए जा रहे हैं। रथ यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं और आकाश में ड्रोन भी तैनात रहेंगे। मंदिर परिसर के चारों कोनों पर चार वॉच टावर बनाए जा रहे हैं। साथ ही मंदिर से रथ मार्ग तक की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की गई है। भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा की रथयात्रा नए मंदिर से शुरू होकर करीब एक किलोमीटर दूर पुराने मंदिर, यानी 'मासी के घर', तक जाएगी। पहले मंदिर के सात नंबर गेट से रथ यात्रा निकालने की योजना थी, लेकिन अब रथ को मंदिर के दक्षिणी गेट से 116 बी राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए ले जाया जाएगा। यह जानकारी इस्कॉन कोलकाता के वाइस प्रेसिडेंट और मंदिर ट्रस्ट के सदस्य राधारमण दास ने दी।

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए फुटपाथ पर बैरिकेडिंग की जा रही है। साथ ही, रथ मार्ग में कई ड्रॉप गेट्स लगाए जाएंगे। ताकि किसी भी आपात स्थिति में मार्ग को तुरंत बंद किया जा सके।

दिघा में भारी बारिश और जलजमाव की संभावना को देखते हुए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त किया जा रहा है और अतिरिक्त पंप की व्यवस्था की गई है, ताकि पानी जल्दी निकाला जा सके। रथयात्रा मार्ग के दोनों ओर मेडिकल कैंप और पीने के पानी की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही, रथ मार्ग पर कई स्थानों पर चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध रहेगी। रथ यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राज्य पुलिस के डीजी राजीव कुमार, पश्चिम रेंज के आईजी अनुप जसवाल और पूर्व मेदिनीपुर के एसपी सौम्यदीप भट्टाचार्य ने मंदिर और रथ मार्ग का निरीक्षण किया है। अन्य जिलों से भी पुलिस बल बुलाए जाने की योजना है, हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि कितने जवान तैनात किए जाएंगे। पूर्व मेदिनीपुर के एसपी सौम्यदीप भट्टाचार्य ने कहा है कि रथयात्रा शांतिपूर्वक सम्पन्न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा को लेकर अब तक कई बैठकें भी की जा चुकी हैं। इस तरह रथ यात्रा को लेकर दिघा में उत्सव का माहौल है, लेकिन सुरक्षा को लेकर कोई चूक न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

### छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन

**रायपुर :** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय प्राधिकरण के पदेन अध्यक्ष व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पदेन उपाध्यक्ष होंगे। प्राधिकरण में छत्तीसगढ़ के विधायकों या सांसदों में से अध्यक्ष द्वारा नामांकित दो सदस्य शामिल किए जाएंगे। मुख्य सचिव को मुख्य कार्यकारी अधिकारी-सदस्य बनाया गया है।राहत आयुक्त को पदेन सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। शनिवार शाम शासन द्वारा सूचन के अनुसार आपदा प्रबंधन में अनुभव रखने वाले गणमान्य नागरिकों में से अध्यक्ष द्वारा नामांकित एक सदस्य तथा अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव में से अध्यक्ष द्वारा नामांकित दो सदस्य भी शामिल रहेंगे। राजस्व विभाग के आदेश के मुताबिक प्राधिकरण की बैठक आवश्यकतानुसार ऐसे समय व स्थान पर होगी, जैसा अध्यक्ष निश्चित करेंगे। अध्यक्ष बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। प्रत्येक सदस्य को एक मत देने का अधिकार होगा। प्राधिकरण का प्रत्येक निर्णय बहुमत से लिया जाएगा, लेकिन बैठक की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति सामान्य परिस्थिति में मतदान नहीं करेगा और एक बराबर मत होने की स्थिति में अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति का निर्णायक मत होगा।

न्यूज IN ब्रीफ

### इंदौर: रतनतलाई तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का आज होगा लोकार्पण

**इन्दौर :** जल संरक्षण और पर्यावरणीय पुनरुद्धार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट आज (रविवार को) सांवेर विधानसभा क्षेत्र के रतनतलाई तालाब के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण करेंगे। यह कार्य मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लिये संकल्प को उनके नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किया गया है, जिससे न केवल जल संसाधन संरक्षित होंगे बल्कि स्थानीय पर्यटन और हरियाली को भी बढ़ावा मिलेगा। मंत्री सिलावट ने बताया कि रतनतलाई तालाब का निर्माण वर्ष 1972 में जल संसाधन विभाग द्वारा किया गया था। वर्षों से अनुपयोगी हो चुके इस तालाब की कुल जलग्रहण क्षमता 0.24 मि.घ.मी. और सिंचाई क्षमता 40 हेक्टेयर है। इस महत्वपूर्ण जल स्रोत को पुनर्जीवित करने हेतु वर्ष-2023 में 40.30 लाख रुपये की लागत से मरम्मत कार्य प्रारंभ किए गए। इन कार्यों में तालाब की पाल पर मिट्टी भराव, स्लूस एवं वेस्ट वियर का निर्माण, लगभग 400 मीटर लंबाई में पिचिंग कार्य शामिल है। स्थानीय नागरिकों की मांग पर वर्ष-2024 में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 71.57 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई। इस राशि से 1100 मीटर लंबाई में अपस्ट्रीम साइड पिचिंग, एक हजार मीटर में पेवर ब्लॉक बिछाना, तालाब की पाल पर वृक्षारोपण, स्थाई सीमेंट-कांक्रीट की सीढ़ियाँ जैसे कार्य किए गए हैं, जो इसे एक सुंदर एवं आकर्षक स्थल में परिवर्तित कर रहे हैं। यह कार्य न केवल जल संरक्षण को बल देगा बल्कि सांवेर क्षेत्र के नागरिकों को एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल का भी लाभ मिलेगा। मंत्री सिलावट ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य परंपरागत जल स्रोतों का पुनरुद्धार कर जल संकट से निपटना है। रतनतलाई तालाब के कायाकल्प से क्षेत्र की सिंचाई सुविधा बढ़ेगी, भूजल स्तर सुधरेगा और पर्यावरण संतुलन भी सुदृढ़ होगा। यह लोकार्पण सांवेर क्षेत्र के लिए एक नई शुरूआत का प्रतीक है, जो जल संरक्षण की दिशा में सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### रीवा में आज होगी भूतपूर्व सैनिकों की रैली

**रीवा :** भूतपूर्व सैनिकों की रैली आज (रविवार को) रीवा के कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में आयोजित की जा रही है। रैली के मुख्य अतिथि जनरल आफीसर कमांडिंग मध्य भारत एरिया लेफ्टिनेंट जनरल पीएस शेखावत होंगे। शेखावत परमविशिष्ट सेवा मेडल तथा अति विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित अधिकारी हैं। रैली का उद्देश्य सैनिकों के योगदान का सम्मान करना और उनकी कल्याण संबंधी आवश्यकताओं को बताना है। इस संबंध में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने बताया कि रैली में रीवा सहित आसपास के सभी जिलों के पूर्व सैनिक तथा सैन्य विधवाएं शामिल होंगी। रैली में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सैनिक कल्याण के डॉक्टरों के दल द्वारा सेवानिवृत्त सैनिकों के निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच की व्यवस्था की गई है। इसमें सभी तरह के टेस्ट निःशुल्क किए जाएंगे। अन्य जिलों से आने वाले पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए बस स्टैण्ड तथा रेलवे स्टेशन में निःशुल्क वाहन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल कृष्णा राज कपूर आडिटोरियम में साफ-सफाई तथा पेयजल की व्यवस्था के लिए नगर निगम की टीम तैनात रहेगी। पूर्व सैनिक अपने पहचान पत्र के साथ रैली में शामिल होकर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। रैली में कल्याण सहायता पंजीकरण, सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता, पेंशन संबंधी सहायता और विशिष्ट सेवा को मान्यता देने के लिए औपचारिक कार्यक्रम जैसी गतिविधियाँ शामिल की जायेगीं।

### मुख्यमंत्री डॉ यादव ने भाजपा के संस्थापक सदस्य सुंदर सिंह भंडारी को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल :** भाजपा के संस्थापक सदस्य सुंदर सिंह भंडारी की आज रविवार को पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उन्हें याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, श्रद्धेय सुंदर सिंह भंडारी जी की पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। युवाओं को मां भारती के लिए समर्पण के संस्कार प्रदान करने, जनसेवा और संगठन की सुदृढ़ता के लिए उन्होंने जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार सदैव प्रेरणा देते रहेंगे।

### पुलिस मुठभेड़ में शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, दो अन्य साथी फरार

**कानपुर :** दक्षिण इलाके में बढ़ रही वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चोरों को पकड़ने के लिए देर रात बर्रा और गुजैनी पुलिस ने संयुक्त रूप से मेहरबान सिंह पूपुरवार्व के पास चेकिंग कर रही थी तभी शातिर चोर पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो साथिरों ने पुलिस पर ही फायर झोक दिया इसके बाद पुलिस ने एक बदमाश के पैर पर गोली मार कर उसे दबोच दिया जबकि उसके दो हाथ अन्य साथी मौके से फरार हो गए यह जानकारी डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने दी। पुलिस उपायुक्त दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि जनपद के दक्षिण इलाके गोविंदनगर, बर्रा और गुजैनी आदि थाना क्षेत्रों में बीते दिनों चार पहिया वाहनों की बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस टीमों द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर प्लेट वाली संदिग्ध महिंद्रा पिकअप गाड़ी को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वाहन सवार भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करने पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिस पर जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया और दो बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घायल बदमाश शिवम निवासी फफूंद औरेया ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथियों बॉबी व सुहेल के साथ मिलकर गाड़ियां चोरी करता था। ये गिरोह फरीदाबाद से संचालित होता है और पुराने मॉडल की गाड़ियों को निशाना बनाता है। इन्होंने कुछ दिन पहले कानपुर से दो गाड़ियां चोरी कर कबाड़ी को बेच दी थीं। यह गिरोह पुनः चोरी की योजना से आया था लेकिन पुलिस की सतर्कता से पकड़ा गया। गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट सहित कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### अंबुबासी मेला: मुख्यमंत्री सरमा ने मां कामाख्या के चरणों में अर्पित की श्रद्धा सुमन

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने अंबुबासी मेला के पावन अवसर पर मां कामाख्या को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए सभी साधु-संतों, देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं और पर्यटकों का हार्दिक स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ₹अंबुबासी प्रवृत्ति के इस पवित्र क्षण में मां कामाख्या के श्रीचरणों में भक्ति भाव से सेवा अर्पित करता हूं। शक्तिपीठ मां कामाख्या धाम में आगमन करने वाले साधु-संन्यासियों, दर्शनार्थियों तथा देश-विदेश के पर्यटकों को हार्दिक अभिनंदन प्रकट करता हूं। उन्होंने आशा जताई कि अंबुबासी मेला का यह भक्तिपूर्ण समय सभी के जीवन में सुख-शांति लाए, समरसता की माला को और सशक्त करे तथा मां कामाख्या का आशीर्वाद सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करे।

## समाचार सार

### आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी मुख्यमंत्री से मिले

**बिनय मिश्रा :** नव पदस्थापित आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी ने कांके रोड़ रांची में स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के लोकप्रिय और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले कुलदीप चौधरी इससे पहले पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के उपायुक्त पद पर पदस्थापित थे।
श्री चौधरी के पदस्थापना काल में पश्चिम सिंहभूम जिला का भरपूर विकास हुआ यही नहीं उन्होंने अपने पदस्थापना काल के दौरान नक्सल प्रभावित क्षेत्र और अति सूदूर क्षेत्र में जनसमस्याओं को जानने के पश्चात उनके निराकार के हेतु लोगों के बीच दिन रात उनसे मुलाकात कर उनकी पीड़ा को जाना और उसे दूर किया इसलिए उन्हें लोकप्रिय उपायुक्त की संज्ञा मिली और उन्होंने अपने बेहतर कार्य से जिला को बेहतर विकास गति दिया।
ऐसे उपायुक्त से राज्य और जिला दोनों गौरवान्वित होते हैं इससे पूर्व वे पाकुड़ एवं बोकारो के भी लोकप्रिय उपायुक्त रह चुके हैं।

### गुमला जिला में बरसात के मौसम का टेलर ऐसा है, तो बरसात की पूरी फिल्म कैसी होगी



गुमलाः गुमला जिला में लगातार हों रही मूसलाधार बारिश से आम नागरिकों के सभी कार्य और व्यवसाय में प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है , वहीं किसानो के चेहरे खिल उठे हैं और किसानों के इस खेती बारी के समय में साग सब्जी उगाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं अतः वे अपने अपने कार्यों में व्यस्त हो चुकें हैं, परन्तु विभिन्न तालाब, जलाषयों और नदियों किनारे निवास करने वाले किसानों के लिए भारी मुश्किल यह है की उक्त सभी तालाब,जलाषयों और नदी किनारे खेती बारी - साग सब्जी उगाने वाले किसानो के चेहरे मुरझाए हुए हैं क्योंकि सभी तालाब ,जलाषयों और नदियां अपनी उफान पर हैं फलस्वरूप वे अपनी खेती बारी करने में असमर्थ और मजबूर हो गए हैं, वहीं व्यापारियों, रोजमर्रा के कार्य करने वाले और अपनी जीवन व्यतीत करने वाले , बाजार हाट, झुग्गी-झोपड़ियों में और सड़क किनारे चाऊमीन - चार्ट , चाय पकौड़ी बेचने वाले , ई रिक्शा , ऑटो ( टेंपो ) रिक्शा , ठेला और मजदूरी करने वाले , महिला पुरूष मजदूरों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्याओं का पहाड़ टूट पड़ा हैं, जैसे जीवन की गाड़ी एकाएक थम - सी गई है , शुरूआती बरसात का मौसम का मिजाज बदलने से मंजर है तो अभी पूरा बरसात बाकी हैं, इसके अलावा गुमला जिले में वज्रपात - सर्पदंश से होने वाले और पानी में डूबकर मरने वालों की संख्या में अभी से काफी वृद्धि देखी जा रही हैं , तो बाद में क्या होगा, अतः केन्द्र सरकार, राज्य सरकार और स्थानीय जिला प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की अतिआवश्यकता हैं,,,,, क्या ऐसा होगा,,,,,????? पुछती हैं गुमला की आम जनता,,,,,?????
गुमला जिला मुख्यालय के मेन रोड़, लोहरदगा रोड़, सिसई रोड़ , जशपुर रोड़ सहित जिला मुख्यालय के गुमला नगर परिषद के अंतर्गत आने वाले अधिकांश वार्डो की स्थिति भी बद से बद्तर हों चूंकी हैं, जगह - जगह पर कूड़े कचरे का अंबार और उससे उठती दुर्गंध लोगों का जीना दुश्वार कर दिया हैं, टूटी फूटी , नाला - नाली और सड़क में गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढे में सड़क का दृश्य और भ्रम उत्पन्न होती हैं और उसमें गन्दे पानी के जमवाड़ा के कारण जगह - जगह पर और समय - समय पर , सड़क दुघर्टनाओं से प्रत्येक दिन आम जनता रुबरु हो रहें हैं , और तो और जिला मुख्यालय में शाम ढलते ही विभिन्न चौक चौराहों पर अंधेरे और आवारा पशु और खूंखार कुत्तों का साम्राज्य और आतंक शुरू हो जाता है, फल स्वरुप आम लोग डर और भय से अपने- अपने घरों के रास्ते बदलकर घर जाने को मजबूर हो जाते हैं , जिला नगर मुख्यालय में पेयजल के लिए ₹ नल है पर जल नहीं ₹ स्वच्छ पेयजल आपूर्ति विभाग की आक्रमान्यता और कार्य शिथिलता के कारण लगातार तीन-चार दिनों से पेयजल आपूर्ति पूर्ण रूपेण बंद है।

### योग दिवस पर बच्चों को योग अभ्यास कराया गया



**गुमला :** गुमला योग दिवस के अवसर पर रोटरी इंटरनेशनल प्ले स्कूल गुमला में योग अभ्यास कराया गया, बच्चे एवं शिक्षकों ने मिलकर योग्य अभ्यास में हिस्सा लिया और काफी उत्साह से लोगों ने योग अभ्यास किया , जिसका संचालन रोटरी इंटरनेशनल प्ले स्कूल के संचालक स्कूल के संरक्षक संस्थापक रोटेरियन डॉ. पी .राम के द्वारा किया गया।

### योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं है बल्कि यह मन शरीर और आत्मा के विकास का मार्ग है

**साहिबगंज :** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री अखिल कुमार की अध्यक्षता में व्यवहार न्यायालय, साहीबगंज के लोक अदालत कक्ष में विशेष योगाभ्यास सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल कुमार ने कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं है। बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा के समन्वित विकास का मार्ग है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपनी श्वास पर नियंत्रण प्राप्त करना सीखता है, तो वह न केवल शारीरिक चमत्कार कर सकता है, बल्कि मानसिक शांति और संतुलन भी प्राप्त कर सकता है। योग तनाव, चिंता, एकाग्रता की कमी जैसी समस्याओं को दूर करने में सहायक है। यह बच्चों के मस्तिष्क के कार्यों स्मृति और लचीलापन को भी बेहतर बनाता है।उन्होंने बताया कि इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से जिले के मंडल कारा प्रत्येक प्रखंड में पैरा लीगल वालंटियर्स व न्याय मित्रों द्वारा भी योगाभ्यास सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, साहिबगंज संजय कुमार उपाध्याय, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री रजनी कान्त पाठक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री सिंधु नाथ लामाये, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत, वरीय सिविल जज सह न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी आलोक मरांडी, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी श्री राहुल कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी सुमित कुमार वर्मा, चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल श्री अरविन्द गोयल एवं उनकी टीम तथा न्यायालय के अनेक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डैम और नदियों के उफनते जलस्तर से लोगों की सुरक्षा में जुटा जिला प्रशासन

### उपायुक्त ने शंख नदी छठघाट एवं केलाघाघ डैम का किया निरीक्षण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदियों और डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सिमडेगा की उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह एवं अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र ने संगम स्थल शंख नदी छठघाट और केलाघाघ डैम का निरीक्षण किया।
लगातार वर्षा के कारण केलाघाघ डैम का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। डैम के सभी फाटक ओवरफ्लो कर रहे हैं, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति बन रही है। डैम संचालक द्वारा फाटक खोले जा रहे हैं। वहीं, दानगद्दी के पास स्थित शंख नदी भी उफान पर है। नदी का पानी तेजी से बढ़ रहा है, जिससे यह स्थल और अधिक आकर्षक



दिखाई देने लगा है। बढ़ी हुई जलधारा के बीच बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने और सेल्फी लेने पहुंच रहे हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है।
उपायुक्त ने सभी स्थल पर प्रतिनियुक्त सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लोग जलस्तर के करीब न जाएं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थलों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की जाए।
निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने शंख नदी छठघाट पर पर्यटन एवं खेल विभाग द्वारा चेंजिंग रूम, शौचालय, पेयजल हेतु जलमिनर सहित अन्य प्रस्तावित विकास कार्यों की भी जानकारी ली और खेल पदाधिकारी को संबंधित कार्यों के जल्द क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए।
उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा निदेर्शों का पालन करें और उफनती नदियों तथा डैम के पास अनावश्यक रूप से न जाएं। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी मो. इम्तियाज, हल्का एवं राजस्व कर्मचारी सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## पद्म पुरस्कार -2026 से संबंधित प्रस्तावों पर-विमर्श

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगाः** उपायुक्त सिमडेगा श्रीमती कंचन सिंह की अध्यक्षता में पद्म पुरस्कार (ढाँ अ६१२) - 2026 से संबंधित प्राप्त प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हेतु बैठक का आयोजन किया गया।
बैठक में जिले के विभिन्न कार्य क्षेत्रों जैसे शिक्षा, कला, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नामों की अनुशंसा हेतु प्रस्ताव मांगे गए। इस क्रम में खेल क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए श्रीमती असुंता लकड़ा (हॉकी खिलाड़ी) का नाम प्रस्तावित किया गया।
बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा श्रीमती असुंता लकड़ा के हॉकी खेल क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों एवं संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच




की गई। समिति द्वारा दस्तावेजों की पुष्टि के उपरांत सर्वसम्मति से श्रीमती असुंता लकड़ा के नाम की अनुशंसा करने का निर्णय लिया गया।
उपायुक्त ने समिति के निर्णय पर सहमति प्रदान करते हुए भारत सरकार के पोर्टल पर संबंधित सभी दस्तावेज निर्धारित समय सीमा के भीतर अपलोड करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।
बैठक में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, अनुमंडल प्रभारी पदाधिकारी प्रकाश रंजन ज्ञानी, जिला परिवहन पदाधिकारी -सह-सामान्य शाखा प्रभारी संजय बखला सहित अन्य उपस्थित थे।

### पीसी एण्ड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न



**गुमला :** गुमला उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में पीसी एण्ड पीएनडीटी की जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पुनर्गठन एवं निरीक्षण तथा अनुश्रवण समिति के कार्यों की समीक्षा की गई।
बैठक में उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्रों में निरीक्षण कर अवैध रूप से चल रहे अल्ट्रासाउंड क्लिनिको को चिह्नित कर रिपोर्ट करें। बैठक के दौरान निदा अल्ट्रासाउंड (थाना रोड, सिसई) तथा जागृति अल्ट्रासाउंड (बाजार टांड, सिसई) में पूर्व में सोनोग्राफर चिकित्सक की अनुपलब्धता के कारण अस्थायी रूप से सेवा बंद रखने का निर्देश दिया गया था। किंतु अब चिकित्सक की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर, समिति के पुनर्गठन उपरांत इन केंद्रों को पुनः संचालन की अनुमति प्रदान की गई। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर सिविल सर्जन,अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, स्वयं सहायता महिला समिति, गुमला की संचालिका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### योग को मनुष्य की दिनचर्या का अभिन्न अंग है : प्राचार्य



**साहिबगंजः**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महिला महाविद्यालय साहिबगंज मे प्राचार्य डॉ ध्रुव ज्योति कुमार सिंह के नेतृत्व मे विश्व योग दिवस मनाया गया।जिसमें प्राचार्य सहित अन्य शिक्षिकायें छात्रायें और शिक्षणेत्तर कर्मचारी शामिल हुये।वही प्राचार्य डॉ ध्रुव ज्योति कुमार सिंह ने छात्राओं,कर्मचारी को योग के महत्व बारे में जानकारी देते हुए कहा की योग को मनुष्य की दिनचर्या का अभिन्न अंग बताया एवं योग से हमारे स्वास्थ्य को होने वाले फायदों के बारे में भी बताया।वही श्री सिंह ने कहा की सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई महिला महाविद्यालय साहिबगंज में वाणिज्य व कला की पढ़ाई होती है।सत्र 2025-29 में नामांकन की इच्छुक छात्रायें चान्सलर पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन कर सकती हैं।वही आवेदन करने की तिथि 1 जून से 24 जून तक निर्धारित की गई है।

## केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग सचिव ने उपायुक्त के साथ की बैठक

**बिनय मिश्रा**

ग्रामीण विकास विभाग (भारत सरकार) के सचिव, शैलेश कुमार सिंह के देवघर जिले में आगमन पर देवघर परिसदन में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।
इसके अलावा ग्रामीण विकास विभाग (भारत सरकार) के सचिव शैलेश कुमार सिंह के द्वारा क्षेत्र में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा जेएसएलपीएस द्वारा जिला अंतर्गत किये जा रहे कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। आगे उन्होंने विकास लक्ष्यों को समय पर हासिल करने के लिए लंबित योजनाओं को चिह्नित कर उनके त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया,मौके पर उपरोक्त के



अलावा उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, डीआरडीए निर्देशक नरेश रजक, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणबीर सिंह, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक संपन्न

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का आयोजन आज उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में संपन्न की हुई । जिला स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की इस समीक्षात्मक बैठक में विभाग से संबंधित एक साथ कई योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के समीक्षा के दौरान जिले एवं प्रखंड के विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रो पर स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों की उपलब्धता की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड योजना, आभा कार्ड निर्माण आदि विषयों पर भी चर्चा की गई। विभिन्न प्रखंडों में स्वास्थ्य उप केन्द्रो के भवन, आधारभूत सुविधा सहित अन्य पहलुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। नीति आयोग के विभिन्न इंडिकेटरों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके तहत एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसवफैमिली प्लैनिंग, ई-संजीवनी (टेलीमेडिसिन) की समीक्षा कर अद्यतन स्थिति से अवगत होने का



कार्य किया गया।
उपायुक्त गुमला ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को निर्देशित किया कि अपने अपने स्वास्थ्य केंद्रों में लक्ष्य निर्धारित कर काम करें। सहिया के कार्यों की समय समय पर मॉनिटरिंग करें और उसका रिपोर्ट सम्बंधित पदाधिकारी को भेजना सुनिश्चित करें। जहां कहीं भी कम्युनिटी हेल्थ सेंटर में आधारभूत सुविधाओं की कमी है, निरीक्षण कर यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया गया।
उक्त बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित अन्य गतिविधियों जैसे कि डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम इम्प्लीमेंटशन कमिटी, डिस्ट्रिक्ट ळइ फोरम, डिस्ट्रिक्ट ळइ कोर्बीडिटी कोऑर्डिनेशन कमिटी, डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स ऑफ ळइ, एक्टिव केस ॅ्रल्ल्ॅ्रल्ल्िॅ फॉर ळइ, प्रपोजल फॉर ळइ फ्री पंचायत, डिस्ट्रिक्ट ग्रिवांस रेडरेसेल कमिटी , हॉस्पिटल मेंटेनेंस एवं अबुवा स्वास्थ्य योजना आदि के अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किए गए।
बैठक में उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत विभिन्न अन्य कार्यो की भी समीक्षा की। इनमें मुख्य रूप से एचएमआईएस पोर्टल, एएनसी रजिस्ट्रेशन, गर्भवती महिलाओं की संख्या, संस्थागत प्रसव, आकांक्षी जिला अंतर्गत विभिन्न इंडिकेटर, एएनसी चेकअप, चाइल्ड इम्यूनाइजेशन, फैमिली प्लानिंग, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत, अनीमिया से बचाव, मिशन इंद्रधनुष, यू विन पोर्टल, चिकित्सकों की उपस्थिति, एम्बुलेंस की उपलब्धता समेत स्वास्थ्य विभाग की अन्य भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर गहन समीक्षा कर उपायुक्त ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
इस बैठक में सिविल सर्जन एवं संबंधित विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी समेत चिकित्सा विभाग के अन्य कर्मी व पदाधिकारी उपस्थित थे।